बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्र नगर, पटना-800004

**Bihar Education Project Council,**
*Shiksha Bhawan, Rashtra Bhasha Parishad Campus,*
*Saidpur, Rajendra Nagar, Patna - 800 004*

पत्रांक :– Acctts/223/2025-26/ 181 दिनांक :– 8 /01/2026

सेवा में,

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
सभी जिले।

**विषय :– वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अंतर्गत जिला, BRC, CRC, KGBV, NJSCB एवं VSS/SMDC को निर्धारित की गई Drawing Limit के विरूद्ध व्यय संबंधी मानक संचालन प्रक्रिया के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि समग्र शिक्षा अन्तर्गत अनुमोदित वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025-26 के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों यथा समग्र विद्यालय अनुदान (Composite School Grant), राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत Formation of Science Club/Maths Club, Science Exhibition & Quiz Competition, एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम, BRC Grant अंतर्गत Maintenance Grant, TLE/TLM Grant, Meeting T.A एवं Contingency Grant, CRC Grant अंतर्गत Maintenance Grant, TLM Grant, Meeting TA एवं Contingency Grant, Twinning of School, KGBV एवं NJSCB को आवर्ती/अनावर्ती मद् हेतु संबंधित Child Agency यथा BRC, CRC, KGBV, NJSCB, VSS/SMDC को Drawing Limit का निर्धारण किया जा चुका है। साथ ही जिला स्तरीय कार्यालयों को भी MMER मद् एवं अन्य गतिविधियों मद में Drawing Limit का निर्धारण किया जा चुका है।

अंकनीय है कि दिनांक 31.12.2025 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान) के साथ VC के माध्यम से की गई बैठक में यह संज्ञान में आया कि निर्धारित की गई Drawing Limit के विरूद्व अभी तक जिला कार्यालय, BRC, CRC, KGBV, NJSCB, VSS/SMDC द्वारा किये गये व्यय का औसत प्रतिशत 43.18 है (शिक्षक वेतन को छोड़कर) जो चिंताजनक है **(<u>अनुलग्नक-I संलग्न</u>)**।

ज्ञातव्य हो कि वित्तीय वर्ष समाप्ति को केवल तीन माह शेष है एवं शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से तृतीय एवं चतुर्थ किस्त की राशि प्राप्त किया जाना है, ऐसे में व्यय इकाई के द्वारा व्यय नहीं करने की स्थिति में अव्ययित राशि SNA खाते में परिलक्षित होता है, जिसे भारत सरकार उपलब्ध राशि मानती है एवं केन्द्रांश विमुक्ति पर 75% व्यय होने तक रोक लगा सकती है, जिसका प्रभाव समग्र योजना अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों पर पड़ेगा। अतः ससमय नियमानुसार राशि का सदुपयोग कराने का निर्देश दिया गया।

**<u>व्यय ईकाई (Child Agency) को निर्धारित किये गये Drawing Limit के व्यय के संबंध राज्य स्तरीय कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र/मार्गदर्शन/दिशा-निर्देश निम्नवत् है, जिसका अनुपालन किया जाना है:-</u>**

- **Composite Grant :-** Composite Grant मद् में 68,426 प्राथमिक विद्यालय तथा 6,476 माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए कुल राशि 372.04 करोड़ का Drawing Limit निर्धारित किया गया है, जिसके व्यय हेतु राज्य कार्यालय के पत्रांक CWM/ Composite Grant/ 2018-19/12/256, दिनांक 10.01.2019, पत्रांक CWM/Composite Grant/2018-19/12/3112, दिनांक 30.06.2020, पत्रांक 3793, दिनांक 05.07.2022, पत्रांक 637, दिनांक 02.02.2025 एवं अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना के ज्ञापांक-192/गो० दिनांक 20.07.2023 (उक्त सभी पत्र की छायाप्रति संलग्न) के आलोक में अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय।

- **KGBV** :– अनावर्ती एवं आवर्ती मद् में कुल 647 के०जी०बी०भी० को कुल राशि 197.70 करोड़ का Drawing Limit दिया गया है, जिसके व्यय हेतु निर्गत दिशा–निर्देश ज्ञापांक KGBV/52/2019-20/2725, दिनांक 20.06.2025 (छायाप्रति संलग्न) के आलोक में अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय।
- **नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय उत्क्रमित छात्रावास** :– अनावर्ती एवं आवर्ती मद् में 15 NJSCB को कुल राशि 6.75 करोड़ का Drawing Limit दिया गया है, जिसके व्यय हेतु निर्गत पत्र AIE/08/2018-19/4897 दिनांक 22.07.2023, Acctts/201/2025-26/2280, दिनांक 26.05.2025 एवं A&ST/49/2025-26/2498, दिनांक 09.06.2025 का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय (छाया प्रति संलग्न)।
- **CRC Grant :–** CRC Grant अंतर्गत कुल 8774 CRC को 04 गतिविधियों के लिए कुल राशि 37.73 करोड़ का Drawing Limit दिया गया है, जिसके व्यय हेतु निर्गत पत्रांक E-374127/Quality/92 /2025-26/4375, दिनांक 12.09.2025 का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय (छाया प्रति संलग्न)।
- **BRC Grant :–** BRC Grant अंतर्गत कुल 537 BRC को 04 गतिविधियों के लिए कुल राशि 11.85 करोड़ का Drawing Limit दिया गया है, जिसके व्यय हेतु निर्गत पत्रांक पत्रांक E-330265/ Quality/64/2025-26/2720, दिनांक 26.06.2025 का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय (छाया प्रति संलग्न)।
- **Twinning of School :–** इस कार्यक्रम अंतर्गत सभी माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों को रूपये 10,000/- प्रति विद्यालय की दर से कुल 6470 विद्यालय को कुल राशि 6.47 करोड़ का Drawing Limit दिया गया है, जिसके व्यय हेतु पत्रांक E-33337/Quality/344/2025/4078, दिनांक 01.09.2025 का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय (छाया प्रति संलग्न)।
- **राष्ट्रीय अविष्कार अभियान** :– राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत 38 जिलों, 537 प्रखण्ड संसाधन केन्द्रों एवं 6470 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों को कुल राशि 5.26 करोड़ का Drawing Limit दिया गया है, जिसके व्यय हेतु कार्यालय पत्रांक Acctts/201/2025-26/5603, दिनांक 02.12.2025 का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय (छाया प्रति संलग्न)।
- **एक भारत श्रेष्ठ भारत** :– एक भारत श्रेष्ठ भारत गतिविधि अंतर्गत कुल 538 BRC को कुल राशि 26.85 लाख रूपये का Drawing Limit दिया गया है, जिसके व्यय हेतु कार्यालय पत्रांक E-337010/Quality/Kala Utsav/2023/4555, दिनांक 22.09.2025 का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय (छाया प्रति संलग्न)।
- **Youth & ECO Club** :– इस कार्यक्रम अंतर्गत कुल 72119 विद्यालय को कुल राशि 61.77 करोड़ का Drawing Limit दिया गया है, जिसके व्यय हेतु पत्रांक Acctts/201/2025-26/4520 दिनांक 22.09.2025 पत्रांक 1724 दिनांक 12.04.2025 एवं Quality/319/2025-26/1815 दिनांक 23.04.2025 का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय (छाया प्रति संलग्न)।
- **IE- Sparsh :–** इस कार्यक्रम अंतर्गत कुल 38 जिलों के 38 विद्यालयों को कुल राशि 1.42 करोड़ का Drawing Limit दिया गया है, जिसके व्यय हेतु पत्रांक Acctts/201/2025-26/2882 दिनांक 01.07.2025 का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय (छाया प्रति संलग्न)।
- **Equity – Adolescent Programme for Girls :–** इस कार्यक्रम अंतर्गत कुल 38 जिलों के 6416 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों को कुल राशि 4.49 करोड़ का Drawing Limit के निर्धारण की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है, जिसके व्यय हेतु पत्रांक Equity/93/2025-26/5998 दिनांक 30.12.2025 का अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाय (छाया प्रति संलग्न)।

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्र नगर, पटना-800004

**Bihar Education Project Council,**
*Shiksha Bhawan, Rashtra Bhasha Parishad Campus,*
*Saidpur, Rajendra Nagar, Patna - 800 004*

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अंतर्गत निर्धारित किये गये Drawing Limit के विरूद्व व्यय का ससमय नियमानुसार सदुपयोग करने के संबंध में राज्य स्तर से जिला स्तर एवं जिला स्तर से BRC, CRC, KGBV, NJSCB, VSS/SMDC पर किये जाने संबंधी मानक संचालन प्रक्रिया (Standard Operation Procedure) निम्नवत् है :–**

1. राज्य स्तरीय कार्यालय पर किये जाने वाले कार्य :–

    i. सभी संभाग प्रभारी, राज्य स्तरीय कार्यालय अपने–अपने संभाग अंतर्गत निर्धारित कराये गये Drawing Limit का अनुमोदित बजट के प्रावधानित गतिविधि के अनुरूप ससमय नियमानुसार व्यय कराने हेतु जिला के संभाग प्रभारी के साथ समीक्षा करेंगे।
    ii. संभाग प्रभारी, राज्य स्तरीय कार्यालय द्वारा आवश्यकतानुसार निर्धारित किये गये Drawing Limit के विरूद्ध व्यय इकाई द्वारा किये गये व्यय का जिलावार, मद्वार अद्यतन प्रतिवेदन राज्य कार्यालय के लेखा शाखा से प्राप्त कर सकते हैं।
    iii. संभाग प्रभारी, राज्य स्तरीय कार्यालय द्वारा व्यय इकाई के द्वारा किये गये व्यय की प्रविष्टि जिलावार, मद्वार जिलों के माध्यम से PRABANDH पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करेंगे।
    iv. असैनिक कार्य प्रबंधक (CWM) का दायित्व होगा कि असैनिक निर्माण कार्य हेतु BSEIDC को समग्र शिक्षा के अनुमोदित बजट के विरूद्ध दी गई अग्रिम राशि के व्यय उपरान्त BSEIDC से मद्वार, जिलावार सूची सहित उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त करेंगे। तत्पश्चात् अधोहस्ताक्षरी से अनुमोदन प्राप्त कर समायोजन एवं जिला को डेबिट नोट निर्गत करने हेतु लेखा शाखा को संचिका उपलब्ध करायेंगे। साथ ही निर्गत डेबिट नोट की प्रविष्टि जिला के माध्यम से प्रबंध पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करेंगे।
    v. राज्य स्तरीय कार्यालय द्वारा SCERT/DIET को निर्धारित किये गये Drawing Limit के विरूद्ध किये गये व्यय के संबंध में उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे एवं अग्रिम समायोजन हेतु आदेश प्राप्त कर लेखा शाखा को उपलब्ध करायेंगे, साथ ही PRABANDH पोर्टल पर जिलों के माध्यम से जिलावार, मद्वार प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करेंगे।

2. **जिला स्तरीय कार्यालय पर किये जाने वाले कार्य :–**

    i. जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान) निर्धारित किये गये Drawing Limit के विरूद्ध व्यय का अनुश्रवण करेंगे एवं नियमानुसार व्यय कराना सुनिश्चित करेंगे।
    ii. जिला स्तरीय कार्यालय के लिए प्राप्त Drawing Limit को अनुमोदित बजट में प्रावधानित गतिविधि में ही व्यय किया जाय। साथ ही समय–समय पर राज्य कार्यालय द्वारा निर्गत पत्र/मार्गदर्शन के आलोक में नियमानुसार व्यय किया जाय।
    iii. Child Agency यथा BRC, CRC, NJSCB, KGBV एवं VSS/SMDC हेतु PFMS पोर्टल पर जिला को प्राप्त Drawing Limit का दो दिनों के अंदर Child Agency को निर्धारित कराना सुनिश्चित करेंगे।
    iv. व्यय इकाई (Child Agency) को Drawing Limit निर्धारित करने हेतु संबंधित संभाग प्रभारी सक्षम पदाधिकारी से आदेश प्राप्त करेंगे। तत्पश्चात् Drawing Limit के निर्धारण हेतु संचिका जिला के लेखा शाखा को उपलब्ध करायेंगे।
    v. संबंधित व्यय इकाई को Drawing Limit के विरूद्ध नियमानुसार ससमय व्यय करने हेतु राज्य कार्यालय से प्राप्त पत्र/दिशा–निर्देश/मार्गदर्शन के आलोक में जिला द्वारा पत्र/मार्गदर्शन/दिशा–निर्देश निर्गत किया जाय।

vi. जिला कार्यालय ऐसी व्यवस्था विकसित करे कि व्यय इकाई को ससमय प्राप्त राशि का मद् एवं व्यय किये जाने संबंधी निर्गत पत्र/दिशा–निर्देश/मार्गदर्शन प्राप्त हो सके।

vii. जिला कार्यालय व्यय इकाई को निर्धारित की गई Drawing Limit का मद्वार, विद्यालयवार, प्रखंडवार Google Sheet तैयार कर प्रखण्ड कार्यालय के साथ साझा करेंगे एवं जिला कार्यालय प्रतिदिन व्यय का मद्वार, इकाईवार, प्रखंडवार अद्यतन प्रतिवेदन को PFMS पोर्टल से डाउनलोड कर Google Sheet को अद्यतन करेंगे।

viii. विहित प्रपत्र में सभी व्यय इकाई से व्यय उपरान्त उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त की जाय।

ix. जिला कार्यालय, जिला सहित व्यय इकाई द्वारा किये गये व्यय की मद्वार प्रविष्टि जिला कार्यालय सहित माह की समाप्ति के उपरांत PRABANDH पोर्टल पर करने हेतु संबंधित को निर्देश देंगे (पत्रांक MIS/SS/109/2025-26/104 दिनांक 06.01.2026 छाया प्रति संलग्न)।

x. संतोषजनक व्यय नहीं करने वाले व्यय इकाईयों को चिन्हित करते हुए यदि उन्हें PFMS E-Payment Advice बनाने में कठिनाई हो रही हो तो प्रखण्ड स्तर पर प्रशिक्षण की व्यवस्था की जा सकती है अथवा संबंधित प्रखण्ड से अनुसमर्थन प्राप्त किया जा सकता है।

xi. शिक्षक वेतन मद् में DPO-Establishment को दी गई राशि के विरूद्ध उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर समायोजन कराना सुनिश्चित किया जाय।

**3. <u>प्रखण्ड स्तर पर किये जाने वाले कार्य :–</u>**

i. जिला कार्यालय द्वारा निर्धारित किये गये Drawing Limit के विरूद्ध व्यय का अनुश्रवण करेंगे एवं नियमानुसार व्यय कराना सुनिश्चित करेंगे।

ii. विहित प्रपत्र में सभी व्यय इकाई से व्यय उपरान्त व्यय विवरणी प्राप्त की जाय।

iii. सभी व्यय इकाई द्वारा किये गये व्यय की विवरणी प्राप्त कर प्रतिदिन मद्वार मिलान करते हुए जिला द्वारा साझा किये गये Google Sheet में मद्वार इकाईवार व्यय की प्रविष्टि करना सुनिश्चित करेंगे।

iv. व्यय इकाई द्वारा किये गये व्यय से संबंधित दो प्रति में उपयोगिता प्रमाण–पत्र तैयार कराने में व्यय इकाई को सहयोग करेंगे। साथ ही राज्य कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये लेखा संधारण से संबंधित मार्गदर्शिका के आलोक में लेखा पुस्तिका का संधारण कराना सुनिश्चित करेंगे।

v. PPA तैयार करने में प्रखंड के लेखापाल/KGBV के लेखापाल आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विद्यालय को PFMS पोर्टल पर PPA (Advice) तैयार कराने में सहयोग प्रदान करेंगे।

**4. <u>व्यय इकाई द्वारा किये जाने वाले कार्य :–</u>**

i. प्राप्त Drawing Limit के विरूद्ध राज्य कार्यालय से प्राप्त मार्गदर्शन के आलोक में व्यय करना एवं लेखा पुस्तिका का संधारण करना सुनिश्चित करेंगे।

ii. PFMS पोर्टल के माध्यम से E-PPA (Advice) निर्गत करने में यदि कोई सहयोग की आवश्यकता हो तो संबंधित BRC के लेखापाल/KGBV के लेखापाल से सहयोग प्राप्त करेंगे।

iii. Drawing Limit के विरूद्ध किये गये व्यय के संबंध में मद्वार व्यय विवरणी विहित प्रपत्र में प्रखण्ड कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

iv. किये गये व्यय के विरूद्ध दो प्रति में मद्वार उपयोगिता प्रमाण–पत्र तैयार करेंगे एवं एक प्रति जिला कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे और एक–एक प्रति अपने पास भविष्य में होने वाले अंकेक्षण इत्यादि कार्य हेतु सुरक्षित रखेंगे।

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्र नगर, पटना-800004

**Bihar Education Project Council,**
*Shiksha Bhawan, Rashtra Bhasha Parishad Campus,*
*Saidpur, Rajendra Nagar, Patna - 800 004*

अतः निदेश दिया जाता है कि विभिन्न व्यय इकाई को निर्धारित किये गये Drawing Limit के विरूद्ध नियमानुसार किसी भी स्तर पर निर्धारित किये गये Drawing Limit से अधिक न तो व्यय किया जाय न ही एक मद् में उपलब्ध राशि का विचलन अन्य मद् में व्यय हेतु किया जाय। ससमय व्यय नहीं होने की स्थिति में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी/कर्मी को चिन्हित कर नियम संगत कार्रवाई कर अधोहस्ताक्षरी को प्रतिवेदित की जाय।

विश्वासभाजन

(सुधीर कुमार)
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांक : Acctts/ 181
दिनांक : 8 /01/2026

प्रतिलिपिः—

1. प्रशासी पदाधिकारी/सभी संभाग प्रभारी/असैनिक कार्य प्रबंधक (प्रभारी) राज्य स्तरीय कार्यालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।
2. जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान), बिहार शिक्षा परियोजना, सभी जिले को सूचनार्थ एवं आवश्यक कायार्थ प्रेषित।
3. जिला पदाधिकारी, सभी जिले, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

राज्य परियोजना निदेशक

अनु०-I

## EXPENDITURE AGAINST DRAWING LIMIT ALL COMPONENT EXCEPT TEACHER SALARY

As on 30.12.2025

Rs in Lakh

| SL. No. | District Name | Drawing Limit | Expenditure | Balance | % of Exp. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Buxer | 1878.96 | 501.76 | 1377.20 | 26.70 |
| 2 | Nalanda | 3051.77 | 893.64 | 2158.12 | 29.28 |
| 3 | Muzaffarpur | 3729.52 | 1242.90 | 2486.62 | 33.33 |
| 4 | Kishanganj | 1835.81 | 627.04 | 1208.77 | 34.16 |
| 5 | Madhubani | 3462.12 | 1186.84 | 2275.29 | 34.28 |
| 6 | Saharsha | 1930.09 | 675.51 | 1254.58 | 35.00 |
| 7 | Madhepura | 2303.89 | 836.27 | 1467.62 | 36.30 |
| 8 | Kaimur | 1852.13 | 680.15 | 1171.98 | 36.72 |
| 9 | Munger | 1685.63 | 623.98 | 1061.65 | 37.02 |
| 10 | Lakhisarai | 1216.54 | 451.84 | 764.70 | 37.14 |
| 11 | Supaul | 2287.98 | 861.63 | 1426.35 | 37.66 |
| 12 | Gopalganj | 2294.85 | 871.18 | 1423.67 | 37.96 |
| 13 | Saran | 3336.58 | 1272.33 | 2064.25 | 38.13 |
| 14 | Gaya | 4255.04 | 1630.14 | 2624.90 | 38.31 |
| 15 | Sheohar | 951.29 | 375.76 | 575.53 | 39.50 |
| 16 | Siwan | 2647.59 | 1052.63 | 1594.96 | 39.76 |
| 17 | Patna | 3981.97 | 1588.31 | 2393.67 | 39.89 |
| 18 | Banka | 2510.64 | 1003.26 | 1507.38 | 39.96 |
| 19 | Jehanabad | 1461.11 | 594.75 | 866.36 | 40.71 |
| 20 | Samastipur | 3445.64 | 1413.69 | 2031.95 | 41.03 |
| 21 | Aurangabad | 2450.50 | 1025.93 | 1424.57 | 41.87 |
| 22 | Bhagalpur | 2962.80 | 1243.38 | 1719.42 | 41.97 |
| 23 | Arwal | 1082.00 | 469.19 | 612.81 | 43.36 |
| 24 | Sheikhpura | 1207.51 | 528.51 | 679.00 | 43.77 |
| 25 | Sitamarhi | 2962.36 | 1358.25 | 1604.11 | 45.85 |
| 26 | Katihar | 2829.46 | 1326.61 | 1502.85 | 46.89 |
| 27 | Araria | 2268.16 | 1076.19 | 1191.97 | 47.45 |
| 28 | Bhojpur | 2499.28 | 1208.97 | 1290.31 | 48.37 |
| 29 | Vaishali | 2853.57 | 1397.99 | 1455.58 | 48.99 |
| 30 | Begusarai | 2471.55 | 1216.81 | 1254.73 | 49.23 |
| 31 | Nawada | 2463.45 | 1229.92 | 1233.53 | 49.93 |
| 32 | Purnea | 2836.53 | 1419.70 | 1416.83 | 50.05 |
| 33 | E. Champaran | 4211.03 | 2120.60 | 2090.43 | 50.36 |
| 34 | W Champaran | 3437.49 | 1774.98 | 1662.51 | 51.64 |
| 35 | Jamui | 2208.36 | 1152.06 | 1056.30 | 52.17 |
| 36 | Darbhanga | 3086.65 | 1655.77 | 1430.88 | 53.64 |
| 37 | Khagaria | 1697.47 | 987.41 | 710.06 | 58.17 |
| 38 | Rohtas | 2746.14 | 2049.37 | 696.77 | 74.63 |
| | **Total** | **96393.45** | **41625.25** | **54768.21** | **43.18** |

Jitendra 05/01/2026

05/01/2026.

05/01/26

पत्रांकः— 192/1550

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग।

प्रेषक,

**के0के0 पाठक,**
अपर मुख्य सचिव।

सेवा में,

**सभी प्रधानाध्यापक,**
प्रारंभिक / मध्य / माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालय,
बिहार।

पटना, दिनांक— 20.7.23

**विषय :—** **वित्तीय प्रबंधन के रख—रखाव संबंधी आवश्यक दिशा—निर्देश (Guideline) प्रेषित करने के संबंध में।**

महाशय,

इस पत्र के साथ एक विस्तृत दिशा—निर्देश आपके लिए संलग्न किया जा रहा है, जिसमें यह उल्लेखित किया गया है कि प्रधानाध्यापक के रूप में आपको विद्यालय के प्रबंधन / संचालन में क्या—क्या गतिविधियां करनी है, आपकी वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियां क्या हैं और उन वित्तीय / प्रशासनिक शक्तियों का उपयोग आप किस प्रकार कर सकते हैं।

आपसे अनुरोध है कि उक्त दिशा—निर्देश को भली—भांति समझ लें और किसी प्रकार की शंका होने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी से सम्पर्क करें।

**अनुलग्नकः—दिशा—निर्देश।**

विश्वासभाजन,

**(के0के0 पाठक)**
अपर मुख्य सचिव।

**ज्ञापांक**— 192/1550
**पटना, दिनांक**— 20.7.23

**प्रतिलिपिः**—सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी कृपया दिनांक 24.07.2023 से होने वाली संध्याकालीन विडियो कांफ्रेंसिंग में प्रधानाध्यापक से इस दिशा—निर्देश पर चर्चा करें और इस दिशा—निर्देश के बारे में यदि उनको कोई शंका को तो उसे दूर करें।

अपर मुख्य सचिव,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

**ज्ञापांक**— 192/1550
**पटना, दिनांक**— 20.7.23

**प्रतिलिपिः**—श्री सज्जन आर., निदेशक, एस.सी.ई.आर.टी. कृपया प्रधानाध्यापकों / शिक्षकों को जो प्रशिक्षण बिपार्ड अथवा शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान में करा रहे हैं उसमें एक कक्षा केवल इस दिशा—निर्देश को समझने के लिए रखे जाएं और अनिवार्यतः इस दिशा—निर्देश में एक कक्षा में चर्चा होनी चाहिए, जिसमें दिशा—निर्देश के सभी पहलूओं को उन्हें समझाया जाए। इस दिशा—निर्देश को केवल प्रधानाध्यापक ही नहीं, अपितु शिक्षकों के प्रशिक्षण में भी पढ़ाया जाय। कोई शंका होने पर श्री रवि शंकर, अपर राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (मो0—8544412161) से सम्पर्क किया जाय।

अपर मुख्य सचिव,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

F:\Anupam Raj\Letter

ज्ञापांक—192/ अ०                                                        पटना, दिनांक—20.07.2023

प्रतिलिपिः— अपर महानिदेशक, बिपार्ड, गया/अपर महानिदेशक, बिपार्ड, पटना को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि प्रधानाध्यापक तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण के दौरान यह दिशानिर्देश समझा दिया जाय। कोई शंका होने पर श्री रवि शंकर, अपर राज्य परियोजना निदेशक, बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (मो0—8544412161) से सम्पर्क किया जाय।

अपर मुख्य सचिव,
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

E:\Anupam Raj\Letter

191/ [illegible]
20.7.2023

# बिहार सरकार

## शिक्षा विभाग

**सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रभारी, प्रधानाध्यापकों के लिए वित्तीय खातों का रख–रखाव संबंधी आवश्यक दिशा–निर्देश (Guidelines)।**

जब भी आप विद्यालय का प्रभार लें तो सबसे पहले आपका दायित्व यह होना चाहिए कि आप देख लें कि उक्त विद्यालय में कितने प्रकार के बैंक खाते खुले हुए हैं। इनमें कितनी राशि रखी हुई है और उस राशि से आप क्या काम कर सकते हैं।

**1)** यदि आप प्राथमिक/मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं तो सामान्यतः आपके विद्यालय में निम्न प्रकार के 03 खाते होंगे:–

(i) समग्र शिक्षा का बैंक खाता।

(ii) मध्याह्न भोजन योजना का बैंक खाता।

(iii) बिहार सरकार का बैंक खाता।

**नोटः–यदि उपरोक्त के अतिरिक्त भी कोई खाता खुला हुआ है तो उसकी सूचना BEO को दी जाय और दिशा निर्देश प्राप्त किया जाए।**

**2)** यदि आप माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं तो आपके विद्यालय में निम्न प्रकार से 04 खाते हो सकते हैं:–

(i) समग्र शिक्षा का बैंक खाता।

(ii) बिहार सरकार का बैंक खाता।

(iii) विकास कोष हेतु बैंक खाता।

(iv) छात्र कोष हेतु बैंक खाता।

**नोटः–यदि उपरोक्त के अतिरिक्त भी कोई खाता खुला हुआ है तो उसकी सूचना BEO को दी जाय और दिशा निर्देश प्राप्त किया जाए।**

**3)** किस खाते का संचालन किस प्रकार करना है और उस खाते की राशि से किस प्रकार का कार्य कराया जाना है, का विवरण इस तालिका में दिया हुआ है।

| क्र0 | खाता का नाम | खाते में उपलब्ध राशि से क्या–क्या कार्य कराया जा सकता है। | खाते का संचालन किस प्रकार करना है। |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | समग्र शिक्षा का बैंक खाता | यह खाता दोनों ही प्रकार के विद्यालयों में यथा:–प्रारंभिक तथा माध्यमिक विद्यालय में होता है। इस खाते में 3 मुख्य मद होते हैं:–<br><br>**(क) समग्र विद्यालय अनुदान** :– इसे Composite Grant के नाम से भी जाना जाता है। इस मद में अधिकतम राशि 10 हजार से लेकर 1 लाख रुपये की आती है। चूँकि राशि कम है, अतः इसे बहुत सावधानी से खर्च करना होता है। इस मद से आप कोई बडा निर्माण कार्य अथवा विद्यालय भवन की रंगाई–पुताई आदि नहीं करा पायेंगे। अतः सुझाव दिया जाता है कि इस मद से केवल आप स्कूल के पठन–पाठन की सामग्री यथा–चॉक, | इस खाते को Single Nodal Account (समग्र शिक्षा) कहा जाता है [SNA-समग्र शिक्षा]। इसके लिए कंप्यूटर की आवश्यकता होगी और जिस भी व्यक्ति को आपको भुगतान करना है, उसके लिए तय राशि का |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | बल्व, पंखा, डस्टर इत्यादि का भुगतान करें। साथ ही, शौचालय की सफाई प्रतिदिन कराने हेतु स्वीपर का भुगतान भी इस राशि से किया जाए।<br><br>**(ख) इस खाते का दूसरा अंश निर्माण कार्य है:–** इसमें आप भवन के निर्माण, भवन की मरम्मति, शौचालय निर्माण, शौचालय की मरम्मति, पेयजल, नल–जल की व्यवस्था अथवा नये चापाकल लगवाने अथवा इसके मरम्मति इत्यादि का काम करा सकते हैं।<br><br>**(ग) विविध कार्य:–** उपरोक्त दोनों गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य प्रकार की गतिविधियां विद्यालय में होती हैं, जिसमें खेल–कूद, वृक्षारोपण, विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताएँ एवं ऐसी रोचक गतिविधियाँ आप कर सकते हैं, जिससे छात्रों की रूचि तो बनी ही रहे, साथ ही उन्हें कुछ अच्छी बात सीखने को मिले। इन गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी आप प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी से प्राप्त कर सकते हैं। | Print Payment Advice (PPA) आपको बनाना होगा। अतः स्वाभाविक है कि इसके लिए आपके विद्यालय में कंप्यूटर/प्रिंटर होना आवश्यक है। यदि आप इस वित्तीय प्रणाली को स्वयं नहीं चला सकते हैं तो आपको एक कंप्यूटर जानकार को भी रखना पड़ सकता है। विभाग प्रयास में है कि प्रत्येक विद्यालय के स्तर पर कंप्यूटर/प्रिंटर और कंप्यूटर ऑपरेटर प्रदान किया जाए। जब तक ये सुविधाएँ नहीं उपलब्ध होती हैं, तब तक आप नजदीक के इंटरनेट कैफे में जाकर PPA बनवा सकते हैं या Block Resource Center (BRC) में जाकर ये PPA बनवा सकते हैं। प्रारंभिक विद्यालय हेतु इंटरनेट कैफे में जाने पर इस पर होने वाले व्यय का भुगतान आप इसी खाते के Composite Grant अंश से कर सकते हैं। माध्यमिक विद्यालय इस खर्च का वहन विकास कोष/छात्र कोष से कर सकते हैं। प्रारंभिक विद्यालय के लिए इस खाते में 'मेकर' प्रधानाध्यापक होते हैं एवं 'चेकर/एप्रूवर' समिति के |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | सचिव होते हैं। माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय के लिए इस खाते के संचालन हेतु प्रधानाध्यापक द्वारा नामित शिक्षक 'मेकर' होते हैं एवं 'चेकर/एप्रूवर' प्रधानाध्यापक स्वयं होते हैं।<br>**<u>संयुक्त हस्ताक्षर प्रणाली</u>** प्रारंभिक विद्यालय के मामले में PPA पर हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव करेंगे। माध्यमिक विद्यालय में PPA पर संयुक्त हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के कोई एक शिक्षक, जिसे प्रधानाध्यापक प्राधिकृत करें। |
| **2** | **मध्याह्न भोजन योजना का बैंक खाता** | यह खाता कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यालय में ही होता है। इस खाता में उपलब्ध कराई गई राशि से विद्यालय में मध्याह्न भोजन की व्यवस्था की जानी है।<br>मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत आपको वर्ग 1 से 5 के लिए अधिकतम रुपये 5.45 (पाँच रुपये पैंतालीस पैसे), तथा वर्ग 6 से 8 के लिए अधिकतम रुपये 8.17 (आठ रुपये सतरह पैसे) प्रतिदिन प्रति छात्र की दर से खर्च करना है।<br>उदाहरण स्वरूप यदि प्रारंभिक विद्यालय में किसी तिथि को 67 छात्र उपस्थित हुए हैं तो उस तिथि को भोजन हेतु खर्च की इस प्रकार गणना करें:–<br>**छात्र की संख्या X प्रति बच्चा दर = व्यय होने वाली राशि**<br>**67 X रुपये 5.45 = रुपये 365.15**<br>अर्थात, उस दिन मध्याह्न भोजन का कुल खर्च रु0 365.15 हुआ। पूरे महीने की गणना इसी प्रकार करें और तद्नुसार vendor को भुगतान करें। | इस खाते का संचालन भी समग्र शिक्षा खाते के अनुसार ही होता है। इस खाते को Single Nodal Account (मध्याह्न भोजन योजना) कहा जाता है [SNA-मध्याह्न भोजन योजना]। वर्त्तमान में इस खाते हेतु 'मेकर' प्रधानाध्यापक एवं 'चेकर/एप्रूवर' मध्याह्न भोजन योजना के प्रखंड साधन सेवी (BRP) होते हैं किन्तु अब समरूपता लाने के उद्देश्य से 'मेकर' |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | प्रधानाध्यापक रहेंगे तथा 'चेकर/एप्रूवर' समिति के सचिव होंगे। इस खाते के संचालन हेतु आप Block Resource Center (BRC) में जायें या नजदीक के इंटरनेट कैफे से सम्पर्क करें। किसी भी हालत में मध्याह्न भोजन योजना के PPA पर हस्ताक्षर करने से पहले आप बाएं तरफ में दी हुई गणना के अनुसार देख लें कि जितने छात्रों ने खाना खाया हैं, PPA भी उतने ही छात्रों के लिए बनाया गया है। यह खाता भी समग्र शिक्षा की भाँति संचालित होगा और PPA पर संयुक्त हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक एवं सचिव का होगा। |
| 3 | **बिहार सरकार का बैंक खाता** | यह खाता प्रारंभिक विद्यालय तथा माध्यमिक विद्यालय, दोनों में होता है। इस खाते में कभी–कभी ही राशि भेजी जाती है। प्रायः यह खाता निष्क्रिय रहता है। किन्तु इसे बंद करना उचित नहीं होगा। इससे राशि खर्च करने हेतु विभाग से समय–समय पर दिशानिर्देश अलग से दिया जायेगा। | इस खाते का संचालन पराम्परागत तरीके से किया जायेगा अथवा Bank Advice के माध्यम से किया जाता है। इसके संचालन में कंप्यूटर की आवश्यकता नहीं है। इसमें भी संयुक्त हस्ताक्षर होगा। प्रारंभिक विद्यालय के मामले में संयुक्त हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक एवं सचिव का होगा। माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक एवं किसी एक शिक्षक का होगा। |
| 4 | **विकास कोष का बैंक खाता** | विकास कोष माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 9 से 12 तक) में होता है। इस खाते से आप निम्नलिखित कार्य कर सकते हैं:– | इस खाते का संचालन भी परम्परागत तरीके से चेक बुक अथवा Bank |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (क) भवन का रख–रखाव इत्यादि।<br>विद्यालय भवन का रख–रखाव, रंग–रोगन, शौचालय का निर्माण, शौचालय का मरम्मति, शौचालय का रख–रखाव, पेयजल की सुविधा, बागवानी इत्यादि पर आप ये राशि खर्च कर सकते हैं। रुपये 5 (पाँच) लाख तक की राशि की कोई योजना लेने हेतु आप स्वयं सक्षम होंगे (चाहे छात्रों का नामांकन कितना भी हो)।<br>जब आप उपरोक्त संबंधी कोई काम करना चाहेंगे तो सबसे पहले इसका Estimate बनाना होगा ताकि ये पता चल सके कि उपरोक्त कार्य कराने के लिए कुल कितनी राशि लगेगी। आप Estimate बनाने का काम BEP के कनीय अभियंता से करा सकते हैं। इस Estimate का तकनीकी अनुमोदन BEP के सहायक अभियंता द्वारा दिया जायेगा। Estimate बनने के समय आप कनीय अभियंता को अनुरोध करें कि वे उतनी राशि का ही Estimate बनायें जितनी राशि आपके विकास कोष (एवं छात्र कोष) में उपलब्ध है।<br>**<u>Estimate बन जाने के बाद की प्रक्रियाः</u>**–यदि Estimate 5 लाख रुपये तक का है तो कार्य प्रारंभ करने की स्वीकृति आप स्वयं दे सकते हैं। यह कार्य किस एजेंसी से किया जाना है, वह भी आप, स्वयं तय कर सकते हैं। आप चाहें तो यह काम BEP के माध्यम से भी करा सकते हैं।<br>यदि Estimate 5 लाख रुपये से अधिक का है तो आपको इसका अनुमोदन विद्यालय प्रबंधन समिति से लेना होगा। इस हेतु आप पत्र द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करने हेतु अध्यक्ष से अनुरोध करें। यदि 15 दिन में बैठक आयोजित होकर उक्त योजना का अनुमोदन नहीं मिलता है तो आप ऐसी स्थिति में इस योजना का अनुमोदन जिला शिक्षा पदाधिकारी से सीधे ले सकते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी जिला पदाधिकारी से आदेश प्राप्त कर इस योजना को BEP अथवा राज्य सरकार के किसी अन्य विभाग अथवा निगम से कराने हेतु अनुमोदन प्रदान करेंगे।<br>**(ख)** विद्यालय के संचालन हेतु अन्य कार्यालय सामग्री, फर्नीचर, पंखा, बल्व, स्टेशनरी, अखबार, मैगजीन इत्यादि इस मद से क्रय किया जा सकता है।<br>**(ग)** यदि आपके विद्यालय में विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, कम्प्यूटर के शिक्षकों का अभाव है तो आप उन शिक्षकों को विभाग द्वारा तय मानदेय पर रखकर अध्यापन कार्य करा सकते हैं और उनका मानदेय का भुगतान इस कोष से किया जा सकता है।<br>**(घ)** स्वीपर, रात्रि प्रहरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, इंटरनेट कनेक्शन, कम्प्यूटर का किराया, आधार मशीन का किराया, VC equipment का किराया इत्यादि का भुगतान आप विभाग द्वारा तय दर पर कर सकते हैं।<br>**(ङ)** IT उपस्कर तथा आधार मशीन एवं विडियो कॉन्फ्रेंसिंग हेतु | Advice से किया जायेगा।<br>चेक संयुक्त हस्ताक्षर से किया जा सकेगा। एक हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक /प्रभारी प्रधानाध्यापक का होगा और दूसरा किसी भी अन्य शिक्षक का होगा, जिसे प्रधानाध्यापक प्राधिकृत करें। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | एक या दो कम्प्यूटर ऑपरेटर भी इस कोष से रख सकते हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर आप बेल्ट्रॉन के दर पर अथवा विभाग द्वारा तय दर (दोनों में से जो कम हो) पर रख सकते हैं।<br>**(च)** इसके अतिरिक्त आप इस मद से अन्य किसी भी प्रकार का व्यय कर सकते हैं, जो स्कूल के संचालन में सहायता करे। जैसे, उपरोक्त सेवाओं के अतिरिक्त आप स्कूल में जेनरेटर की भी व्यवस्था कर सकते हैं। यदि विशेष आयोजन हो अथवा छात्रों की संख्या ज्यादा हो और कमरों की कमी हो तो आप टेंट, दरी, जेनरेटर आदि खरीद कर अथवा किराए पर लेकर यह व्यवस्था कर सकते हैं। | |
| 5 | छात्र कोष का बैंक खाता | आप इस कोष में वह सारे कार्य कर सकते हैं, जो विकास कोष से किया जा सकता है। आप किसी योजना की परिकल्पना विकास कोष एवं छात्र कोष में जमा राशि को मिलाकर भी कर सकते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि यदि विकास कोष में 3 लाख रुपये हैं और छात्र कोष में 2 लाख रुपये हैं तो आप दोनों राशि को मिलाकर 5 लाख रुपये की कोई समेकित योजना अथवा मासिक भुगतान करने का काम कर सकते हैं। | –तथैव– |

**4)** उपरोक्त तालिका एवं दिशानिर्देश के पीछे उद्देश्य यह है कि आपके विद्यालय में जो भी राशि पड़ी है, उसका इस्तेमाल हो। विकास कोष/छात्र कोष में लाखों रुपये जमा है, किन्तु कक्षाओं में बिजली का बल्व तक नहीं है। अतः स्पष्टतः यह प्रधानाध्यापक के स्तर पर निर्णय नहीं लेने की प्रवृत्ति का द्योतक है। आप प्रधानाध्यापकों से आशा की जाती है कि उक्त राशि का व्यय स्कूल के सफल संचालन में करेंगे। ऐसी स्थिति में आप पूछ सकते हैं कि उपरोक्त तालिका में यह तो अंकित कर दिया गया है कि किस खाते की राशि से क्या काम करना है, किन्तु उसकी प्रक्रिया नहीं दी गयी है, तो इस आशंका का समाधान भी इस प्रकार किया जाता है।

**5) <u>सामग्री क्रय करना अथवा सिविल वर्क हेतु प्रक्रिया:–</u>**

**(क)** यदि आप कोई सामग्री यथा–स्टेशनरी, कंप्यूटर, जेनरेटर या कोई भी कार्यालय उपस्कर खरीदना चाहते हैं तो रु0 50 हजार तक की सामग्री आप तुरंत "off the shelf" तरीके से कर सकते हैं। यानी कि आप किसी भी दुकान में जाएं और रु0 50 हजार तक के सामान का क्रय कर लें। किन्तु इसकी Invoice/रसीद जरूर ले लें।

**(ख)** रु0 50 हजार से लेकर रु0 5 लाख तक की सामग्री/व्यय आप 3 कोटेशन प्राप्त करके कर सकते हैं। यानी कि यदि आपको कोई बड़ा सामान खरीदना है तो आप बाजार में सर्वेक्षण कर 3 कोटेशन प्राप्त करें एवं जिसका सबसे कम दर है, उस दर पर उक्त सामान को खरीद सकते हैं। इस क्रय की भी Invoice/रसीद अवश्य रखें।

**(ग)** आप विद्यालय में छोटे–मोटे Civil कार्यों के लिए भी यह प्रक्रिया अपना सकते हैं। यानी कि आपके विद्यालय में कोई Civil कार्य (निर्माण कार्य) या पोचारा कराना है या किसी कमरे/शौचालय का काम कराना चाहते हैं और यदि वह खर्च रु0 5 लाख से कम का है तो आप BEP के कनीय अभियंता से Estimate बनवाकर कम–से–कम किन्हीं 3 संवेदकों से कोटेशन लेकर कम दर अंकित करने वाले संवेदक से भी कार्य करा सकते हैं। इसके लिए आपको विद्यालय प्रबंध समिति के अनुनति की आवश्यकता नहीं है। आप स्वयं सक्षम हैं।

रुपये 5 लाख से अधिक का यदि कोई कार्य है तो उसे आप विद्यालय प्रबंध समिति के समक्ष रखेंगे। यदि 15 दिनों के भीतर आपको अनुमति नहीं मिलती है तो आप सीधे जिला शिक्षा पदाधिकारी से इसका प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त कर सकते हैं। रु0 5 लाख से अधिक काम कराने के लिए आपको सलाह दी जाती है कि आप जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी से सम्पर्क करें, जो जिला पदाधिकारी से परामर्श कर तय करेंगे कि काम किस एजेंसी से कराना है।

**6) Feeder Area में पड़ने वाले प्राथमिक/मध्य विद्यालयों की देख–भाल:–**

यह भी देखा गया है कि माध्यमिक विद्यालयों में तो विकास कोष/छात्र कोष में पर्याप्त राशि रहती है, किन्तु प्रारंभिक विद्यालयों में इस तरह की न तो कोई राशि होती है न ही इस तरह की कोई व्यवस्था। अतः उपरोक्त काम यदि प्रारंभिक विद्यालय में कराना पड़ जाए तो इसमें यह समस्या आती है कि इसके लिए राशि कहां से आयेगी। इस संबंध में आपको भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का संदर्भ करते हुए यह सुझाव दिया जाता है कि माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक की हैसियत से आप अन्य प्रारंभिक (प्राथमिक/मध्य) विद्यालयों में भी छात्र कोष एवं विकास कोष की राशि खर्च कर सकते हैं, जो प्रारंभिक विद्यालय आपके पोषक क्षेत्र (Feeder Area) में पड़ते हैं। Feeder Area, वह प्रारंभिक विद्यालय होते हैं, जहां के बच्चे कक्षा 8वीं उत्तीर्ण करने के बाद आपके विद्यालय में 9वीं कक्षा में दाखिला लेते हैं। आपको यदि छात्र कोष/विद्यालय विकास कोष से प्रारंभिक विद्यालय का कोई काम कराना है, तो इस कार्य का अनुमोदन आप विद्यालय प्रबंध समिति से ले लें।

**7)** उपरोक्त का अध्ययन करने के बाद आपको यह भी स्पष्ट हो गया होगा कि केवल 2 खाते ही ऐसे हैं यथा:–समग्र शिक्षा का बैंक खाता एवं मध्याह्न भोजन योजना का बैंक खाता, जिनके संचालन के लिए कम्प्यूटर की आवश्यकता होती है क्योंकि ये पूरी प्रक्रिया भारत सरकार द्वारा लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के तहत बनायी गयी है। अतः आपको इसे समझना होगा और स्वयं चलाने की ट्रेनिंग लेनी होगी। यदि आप स्वयं नहीं चला सकते हैं तो स्वयं तथा किसी शिक्षक को इंटरनेट कैफे भेजकर इसका संचालन करें। फिर भी बेहतर होगा कि आप SNA खाता स्वयं चलाना सीख लें। किसी भी हालत में इन खातों का संचालन निजी व्यक्ति/वेंडर द्वारा नहीं किया जाना चाहिए। इन खातों के संचालन हेतु प्रक्रिया **<u>अनुलग्नक–1</u>** में दी गई है।

**8)** इस दिशा निर्देश के निर्गत होने के पश्चात् इसससे संबंधित पूर्व में निर्गत सभी आदेश/निदेश/पत्र निरस्त समझे जायेंगे।

**(के0के0 पाठक)**
**अपर मुख्य सचिव।**

**ज्ञापांक**– 191/ **पटना, दिनांक**– 20-7-2023

**प्रतिलिपि:**–सचिव, शिक्षा विभाग/राज्य परियोजना निदेशक, BEPC/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लि0/निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना/निदेशक, प्रशासन/निदेशक, उच्च शिक्षा/निदेशक, जन शिक्षा/निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण/निदेशक, SCERT/विशेष निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अपर मुख्य सचिव,**
**शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।**

ज्ञापांक— 191/मा पटना, दिनांक— 20-7-2023

प्रतिलिपिः—सभी जिला पदाधिकारी/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी कार्यक्रम पदाधिकारी/सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी/सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षा विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अपर मुख्य सचिव
शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

अनुलग्नक–1

# लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के तहत समग्र शिक्षा एवं मध्याह्न भोजन योजना के लिए व्यय की प्रक्रिया

## 1. नया भेन्डर/आपूर्त्तिकर्त्ता/सेवादाता का पंजीकरण करने की विधिः–

Step 1:- कम्प्यूटर/लैपटॉप/मोबाईल को खोलकर इंटरनेट से जोड़ना है।

Step 2:- लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के Portal https://pfms.nic.in को खोलना होगा।

Step 3:- सर्वप्रथम विद्यालय के Maker के द्वारा अपने User ID एवं Password से Login किया जायेगा।

Step 4:- PFMS के Home Page पर Master Section को Click किया जायेगा।

Step 5:- Vendor Tab के अंतर्गत Add New को Click किया जायेगा।

Step 6:- Vendor का नाम, पता, Mobile., Bank Details भरा जायेगा, तत्पश्चात् Vendor Details को Save किया जायेगा। Save करने के पश्चात् Vendor का Creation सफलतापूर्वक पूर्ण हो जायेगा।

## 2. भुगतान आदेश तैयार करने की प्रक्रियाः–

क्रय किये जाने वाले सामग्री से संबंधित क्रयादेश तैयार किया जायेगा, जिसमें आपूत्तिकर्त्ता का नाम, बैंक खाता संख्या, IFS Code एवं राशि का उल्लेख एवं आदेश देने वाले पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं आदेश संख्या तथा तिथि अंकित किया जायेगा।

## 3. बैंक एडभाईस तैयार करने की विधिः–

### मेकर के द्वारा किये जाने वाला कार्यः–

Step 1:- कम्प्यूटर/लैपटॉप/मोबाईल को खोलकर इंटरनेट से जोड़ना है।

Step 2:- लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के Portal https://pfms.nic.in को खोलना होगा।

Step 3:- विद्यालय के Maker के द्वारा अपने User ID एवं Password से PFMS के Portal https://pfms.nic.in पर जाकर Login किया जायेगा।

Step 4:- Expenditure Section में जाकर Add New को Click किया जायेगा।

Step 5:- Scheme के कॉलम में **समग्र शिक्षा** के व्यय के लिए BR137 Samagra Shiksha 3667 एवं **मध्याह्न भोजन योजना** के लिए BR6-BR PRADHAN MANTRI POSHAN SHAKTI NIRMAN का चयन किया जायेगा।

Step 6:- तत्पश्चात् Vendor को Select करने के उपरान्त भुगतान से संबंधित आदेश एवं राशि को संगत (संबंधित) कॉलम में क्रयादेश संख्या एवं तिथि भरा जायेगा।

Step 7 :- इसके उपरांत PFMS Portal से उस बजट योजना के तहत् यथा **समग्र शिक्षा** एवं **मध्याह्न भोजन योजना** के बजटीय शीर्ष/गतिविधि/मद् का चयन करेंगे, उदाहरण के लिए समग्र शिक्षा हेतु बजटीय शीर्ष/गतिविधि/मद् में राशि व्यय

किया जाना है, तो School Grant, असैनिक कार्य से संबंधित मद् (Toilet, Drinking water, Electrician, ACR, Ramp, Major Repair) इत्यादि। इसी प्रकार **मध्याह्न भोजन योजना** हेतु बजटीय शीर्ष -Cooking Cost/Egg/Seasonal Fruits का चयन किया जायेगा।

Step 8 :- पोर्टल के स्क्रीन पर अंकित Instrument Type में "E-Payment Using Print Advice" Select कर Add बटन को Click किया जायेगा।

Step 9 :- Narration for Passbook अंकित किया जायेगा।

Step 10 :- यदि भुगतान की जाने वाली राशि में से कोई कटौती किया जाना है, तो Deduction कॉलम में दिये गये विकल्प में "Yes" का चयन किया जायेगा अन्यथा "No" का चयन किया जायेगा।

Step 11 :- उपर्युक्त प्रक्रियाओं के पश्चात् Send for Approval बटन को Click कर भुगतान हेतु Approver (Checker) को अग्रसारित किया जायेगा।

## 4. चेकर/एप्रूवर के द्वारा किये जाने वाला कार्य :—

Step 1 :- विद्यालय के Checker/Approver के द्वारा अपने User ID से PFMS के Portal http://pfms.nic.in पर Login किया जायेगा।

Step 2 :- Login के पश्चात् Checker के द्वारा Expenditure Section में जाकर Send For Approval के लिए भेजे गए Data को खोलकर भुगतान की जाने वाली राशि, बैंक खाता संख्या, बजट मद एवं राशि की उपलब्धता इत्यादि का मिलान करने के पश्चात् सही पाये जाने पर ही Data को Approve किया जायेगा। Data सही नहीं पाये जाने पर Reject बटन को Click किया जायेगा।

Step 3 :- Data Approve करने के पश्चात् Print Payment Advice (PPA) Generate हो जायेगा। तत्पश्चात् Advice को Print किया जायेगा।

Step 4 :- Print किये गए Print Payment Advice (PPA) पर विद्यालय शिक्षा समिति/विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अधिकृत हस्ताक्षरित के द्वारा मोहर के साथ हस्ताक्षर किया जायेगा, तत्पश्चात् हस्ताक्षरित बैंक एडभाईस को संबंधित बैंक शाखा को निर्धारित समय–सीमा यथा–10 दिनों के अंदर हस्तगत कराया जायेगा। इसके पश्चात् बैंक के द्वारा राशि संबंधित भेन्डर को भुगतान किया जायेगा।

**महत्वपूर्ण सूचना/निदेशः–प्रधानाध्यापक/सचिव के द्वारा हर हाल में PFMS Portal के Password की गोपनीयता बरकरार रखी जायेगी एवं किसी भी परिस्थिति में Password को किसी के साथ साझा नहीं किया जायेगा। साथ ही इसके दुरूपयोग होने पर जवाबदेही तय कर आवश्यक प्रशासनिक/कानूनी कार्रवाई की जायेगी।**

Mayank Warwade, I.A.S.
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad Campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

पत्रांक : KGBV/52/2019-20/ दिनांक : ........./06/2025

सेवा में,

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
सभी जिले।

विषय : **वित्तीय वर्ष 2025–26 में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के संचालन हेतु दिशानिर्देश के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक संबंध में सूचित करना है कि भारत सरकार के द्वारा वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट 2025–26 की स्वीकृति प्राप्त है, जिसके तहत राज्य में टाईप वार कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय (KGBV) की वित्तीय वर्ष 2025–26 में संचालन हेतु आवश्यक दिशानिर्देश संलग्न है।

अनुलग्नक :

1. के•जी•बी•वि• संचालन हेतु दिशानिर्देश।
2. टाईप वार संचालित के•जी•बी•वि• की सूची 390 (I) + 92 (III) +53 (III)+112 (IV)।
3. बेडिंग बदलाव हेतु 35 KGBV की सूची।
4. कक्षा XI-XII के लिए उत्क्रमित होने वाले 25 के•जी•बी•वि• टाईप-III की सूची।

विश्वासभाजन

ह0/–
(मयंक वरवड़े)
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांकः KGBV/52/2019-20/ दिनांक : ........./06/2025
प्रतिलिपिः जिला पदाधिकारी/उप–विकास आयुक्त–सह–अध्यक्ष, के•जी•बी•वि• क्रय समिति, सभी जिले को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–
राज्य परियोजना निदेशक

ज्ञापांकः KGBV/52/2019-20/2725 दिनांक : 20/06/2025
प्रतिलिपिः जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE & SSA)/लेखा पदाधिकारी/जिला जेन्डर समन्वयक, बिहार शिक्षा परियोजना, सभी जिले को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/6/25
राज्य परियोजना निदेशक

# कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के संचालन हेतु दिशानिर्देश

विद्यालय के बाहर की छीजनग्रस्त बालिकाओं को शिक्षा की मुख्य धारा से पुनः जोड़ने हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त सद्प्रयत्नों से "कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय" की स्थापना की गयी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं समग्र शिक्षा के तहत चरणबद्ध तरीके से राज्य के सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय को कक्षा XII तक उत्क्रमित किया जाना है।

वर्तमान में राज्य में स्वीकृत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की संख्या निम्नवत् है :–

| के•जी•बी•भी• टाईप | स्वीकृत के•जी•बी•वि• की संख्या | संचालित के•जी•बी•वि• की संख्या | बालिकाओं की संख्या | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| KGBV Type- I | 390 | 390 | 100 | कक्षा VI-VIII |
| KGBV Type- III | 25 | 25 | 100 | कक्षा VI-VIII |
| | 120 | 120 | 200 | कक्षा VI-XII |
| KGBV Type- IV | 139 | 112 | 100 | कक्षा IX-XII |

सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के सुचारू रूप से संचालन हेतु इनमें निर्धारित संख्या में मानव बल स्वीकृत है, जिन्हें जिला शिक्षा पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित 05–सदस्यीय "कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय नियोजन समिति" के द्वारा विहित चयन प्रक्रिया से अल्पकालीन अनुबंध पर नियोजित किया जाता है। वर्तमान में राज्य में विभिन्न टाईप के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में स्वीकृत मानव बल की स्थिति निम्नवत् है :–

| पदनाम | टाईप–I | टाईप–III | टाईप–IV |
|---|---|---|---|
| वार्डेन–सह–शिक्षिका | 1 | 1 | 1 |
| विषय शिक्षण हेतु अंशकालिक शिक्षिका | 3 | 6 | 3 |
| लेखापाल–सह–सहायक | 1 | 1 | 0 (संबंधित प्रखंड के टाईप–I के लेखापाल कार्य करेंगे) |
| अनुसेवक | 1 | 2 | 0 |
| रात्रि प्रहरी | 1 | 2 | 2 (1 दिन एवं 1 रात्रि हेतु) |
| मुख्य रसोईया | 1 | 1 | 1 |
| सहायक रसोईया | 2 | 4 | 2 |
| **कुल** | **10** | **17** | **9** |

कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के संचालन हेतु प्रत्येक वर्ष शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा राज्य के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए वार्षिक बजट एवं कार्ययोजना के स्वीकृति प्रदान की जाती है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए भारत सरकार के द्वारा समग्र शिक्षा अंतर्गत कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के बजट की स्वीकृति प्राप्त है। स्वीकृत बजट के आलोक में सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय हेतु Drawing Limit निर्धारित की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के संचालन हेतु आवश्यक दिशानिर्देश निम्नवत् है :–

1. जिन प्रखंडों में कक्षा IX-XII हेतु के•जी•बी•वि• भवन निर्मित नहीं हैं, ऐसे प्रखंडों की कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की अष्टम उतीर्ण बालिकाएँ अपने जिलान्तर्गत अन्य प्रखंड स्थित KGBV Type-III या KGBV Type-IV में कक्षा–IX में नामांकन करवा कर समीपवर्ती संबद्ध उच्च विद्यालय में पठन–पाठन करेंगी।
2. वित्तीय वर्ष 2025–26 में अन्यान्य / प्रकीर्ण तथा छात्रावास रख–रखाव मद में स्वीकृत राशि से निर्धारित क्षमता में क्रमानुसार सिंगल बेड चौकी, पंखा, डायनिंग टेबल, कुर्सी, अलमीरा, इन्वर्टर आदि का क्रय किया जाएगा। सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में सिंगल बेड (न कि डबल बेड) चौकी का ही क्रय किया जाएगा, ताकि बालिकाओं के बीच सामाजिक दूरी बनी रहे। यदि छात्रावास में अभी भी डबल बेड उपलब्ध है, तो उन्हें अविलम्ब सिंगल बेड में परिवर्तित करवा लिया जाय।
3. जिन कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक सामग्री की राशि से कक्षा–VI से कक्षा–XII तक की दो–दो सेट पाठ्यपुस्तकें नहीं क्रय की जा सकी है, वहाँ उक्त मद से उनका क्रय सुनिश्चित किया जाएगा।
4. छात्रावास एवं बालिकाओं की सुरक्षा हेतु सभी टाईप के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में छः CCTV कैमरे स्थापित करने हेतु पूर्व में निदेश दिया जा चुका है। इनमें से एक कैमरा कार्यालय कक्ष में भी स्थापित किया जाएगा। आवश्यकतानुसार 06 से अधिक CCTV कैमरे का प्रावधान भी किया जा सकता है ताकि पूरा बाहरी परिसर कवर हो सके। सुरक्षा व्यवस्था के सतत् अनुश्रवण की दृष्टि से जिलान्तर्गत सभी के•जी•बी•भी• के सभी सी•सी•टी•वी• कैमरों को Internet networking से जोड़ा जाना है ताकि जिला / राज्य स्तर से भी उनका पर्यवेक्षण किया जा सके।
5. वित्तीय वर्ष 2025–26 में कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं को प्रदत सामान्य एवं ऊनी वस्त्रों के रंग निम्नवत होंगे :–

| टाईप I एवं III की बालिकाओं हेतु सेट–01 | | |
|---|---|---|
| **कक्षा** | **कक्षा–VI एवं IX (टाईप IV छोड़कर)** | |
| पोशाक | समीज | सलवार एवं दुपट्टा |
| रंग | सफेद | सफेद |
| **कक्षा** | **कक्षा–VII, VIII,X,XI,XII (सिर्फ टाईप III हेतु)** | |
| पोशाक | समीज | सलवार एवं दुपट्टा |
| रंग | हल्का पीला पर चेक | गहरा हरा |
| **सेट–02** | | |
| **कक्षा** | **कक्षा–(VI से XII) (टाईप IV छोड़कर)** | |
| पोशाक | समीज | सलवार एवं दुपट्टा |
| रंग | मैरून रंग | खाकी रंग |

सामान्य वस्त्र में उक्त के साथ दो गंजी, दो जाँघिया, दो रूमाल, बाल में लगाने हेतु दो रबड़ बैंड एवं दो हेयर क्लिप, एक सेट जूता–मोजा, एक सेट हवाई चप्पल एवं एक तौलिया भी देय होगा।

| टाईप I एवं III की बालिकाओं हेतु ऊनी वस्त्र (01 सेट) | | |
|---|---|---|
| **कक्षा–VI, IX एवं XII** | स्वेटर एवं स्कार्फ | मैरून रंग |
| **कक्षा–VII एवं X** | ब्लेजर | मैरून रंग |
| **कक्षा–VIII एवं XI** | इनर (उपर–नीचे का) एवं शॉल | Branded Company का |
| **टाईप IV की बालिकाओं हेतु ऊनी वस्त्र** | | |
| स्वेटर (हरा रंग) एवं जूता | | |

6. कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय के सामग्रियों के क्रय की प्रक्रिया वर्तमान माह में हर हाल में पूरी कर ली जाए।
7. सभी कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में एक Face Recognition-cum- Fingerprint Biometric Attendance संयत्र उपलब्ध है। यदि इनमें Internet सुविधा उपलब्ध नहीं है, तो सभी के•जी•बी•भी• में Internet सुविधा वाले एक Biometric Attendance System का क्रय करते हुए स्थापना की जानी है, ताकि उन्हें जिला कार्यालय/राज्य कार्यालय से अनुश्रवण हेतु जोड़ा जा सके। Face Recognition-cum- Fingerprint Biometric Attendance संयत्र में सभी कर्मियों एवं बालिकाओं को प्रातः 08:00 से 09:00 बजे के बीच तथा रात्रि में 09:00 बजे उपस्थिति दर्ज करना अनिवार्य होगा। छात्रावास में आवासन नहीं करने वाले कर्मियों यथा–लेखापाल, अनुसेवक, रात्रि प्रहरी एवं अनुदेशिकाएँ छात्रावास में प्रतिदिन दो बार यानी आने एवं जाने के समय अपनी उपस्थिति दर्ज करेंगे। बायोमैट्रिक्स अटेन्डेन्स

सिस्टम के आधार पर ही कार्मिकों को वेतन एवं बालिकाओं को छात्रवृति राशि प्रदान की जाएगी। Face Recognition-cum- Fingerprint Biometric Attendance संयत्र में किसी तकनीकी खराबी की स्थिति में उसकी तुरंत मरम्मत करवायी जायेगी तथा उसके ठीक होने तक दूसरे Biometric Attendance संयत्र में उपस्थिति दर्ज की जाएगी। किसी भी स्थिति में रजिस्टर में दर्ज उपस्थिति मान्य नहीं होगी।

8. भारत सरकार के निर्णयानुसार सभी केन्द्रीकृत योजनाओं में SNA एकाउन्ट प्रणाली लागू की गयी है, जिसके अंतर्गत के•जी•बी•वि• लिए भी कार्यालय के द्वारा समय–समय पर वित्तीय अधिसीमा निर्धारित की जाती है और प्रबंधन के द्वारा व्ययोपरान्त Online booking की जाती है। सभी जिले प्रत्येक माह में सभी के•जी•बी•वि• से निर्धारित प्रपत्र में गतिविधिवार व्यय विवरणी प्राप्त करेंगे जिसमें प्रधानाध्यापक, लेखा कर्मी एवं वार्डेन के हस्ताक्षर एवं मुहर होंगे।

9. वित्तीय वर्ष 2025–26 में विभिन्न टाईप के कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय में वित्तीय नॉर्म्स में निम्नवत् होंगे :–

| अनावर्ती (Non Recurring) मद | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| बिछावन बदलाव (कक्षा VI-XII के लिए) | | बिछावन बदलाव मद में के•जी•बी•वि• प्रति वर्ष रू•75000/–व्यय किया जाएगा। | बिछावन बदलाव मद में के•जी•बी•वि• प्रति वर्ष रू•75000/–व्यय किया जाएगा। 25 के•जी•बी•वि• जो कक्षा IX-XII के लिए उत्क्रमित हुई है, उनको फर्नीचर मद में रू•23.917/–लाख प्रति प्राप्त हुआ, जिसकों इस वित्तीय वर्ष में व्यय किया जाएगा। साथ ही, 17 वैसे के•जी•बी•वि• टाईप–IV जो इस वर्ष के•जी•बी•वि• टाईप–III के रूप में संचालित होने वाले है, उनका उनको फर्नीचर मद में रू•23. 917/–लाख प्रति प्राप्त हुआ, जिसकों इस वित्तीय वर्ष में व्यय किया जाएगा। | | बिछावन बदलाव मद में के•जी•बी•वि• प्रति वर्ष रू•75000/–व्यय किया जाएगा। |
| आवर्ती ( Recurring) मद | | | | | |
| गतिविधि | | के•जी•बी•वि• टाईप–I | के•जी•बी•वि• टाईप–III (Existing) | के•जी•बी•वि• टाईप–III (New) | के•जी•बी•वि• टाईप–IV |
| भोजन/आवासन | भोजन | रू• 1,700/–प्रति बालिका प्रति माह | रू• 1,700/–प्रति बालिका प्रति माह | रू• 1,700/–प्रति बालिका प्रति माह | रू• 1,700/–प्रति बालिका प्रति माह |
| | पोशाक | सामान्य पोशाक–रू• 1,100/–, ऊनी पोशाक–कक्षा VI, स्वेटर+स्कार्फ–रू• 350/– कक्षा VII – ब्लेजर–रू•750/– कक्षा VIII – ईनर+शॉल रू• 1,000/– | सामान्य पोशाक–रू• 1,100/–, ऊनी पोशाक–कक्षा VI, IX एवं XII– स्वेटर+स्कार्फ–रू• 350/– कक्षा VII एवं X – ब्लेजर–रू•750/– कक्षा VIII एवं XI – ईनर+शॉल रू• 1,000/– | सामान्य पोशाक–रू• 1,100/–, ऊनी पोशाक–कक्षा VI, IX एवं XII– स्वेटर+स्कार्फ–रू• 350/– कक्षा VII एवं X – ब्लेजर–रू•750/– कक्षा VIII एवं XI – ईनर+शॉल रू• 1,000/– | स्वेटर+जूता–रू• 500/– |
| | दैनिक उपभोग की सामग्री | प्रति बालिका रू• 800/– तक (प्रति वर्ष) | प्रति बालिका रू• 800/– तक (प्रति वर्ष) | प्रति बालिका रू• 800/– तक (प्रति वर्ष) | प्रति बालिका रू• 800/– तक (प्रति वर्ष) |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छात्रवृति | | रू॰ 100/–प्रति माह प्रति बालिका | रू॰ 100/–प्रति माह प्रति बालिका | प्रति बालिका रू॰ 1000/– तक (प्रति वर्ष) | प्रति बालिका रू॰ 500/– तक (प्रति वर्ष) |
| स्टेशनरी/ शैक्षिक सामग्री | | स्कूल बैग, कॉपी, कलम, रबर, पेंसिल, कटर, Instrument Box, आदि (प्रति बालिका रू॰ 2000/– तक), समाचार पत्र (2), पुस्तकालय हेतु पाठ्यपुस्तक, प्रतियोगिता पुस्तक | स्कूल बैग, कॉपी, कलम, रबर, पेंसिल, कटर, Instrument Box, आदि (प्रति बालिका रू॰ 2000/– तक), समाचार पत्र (2), पुस्तकालय हेतु पाठ्यपुस्तक, प्रतियोगिता पुस्तक | स्कूल बैग, कॉपी, कलम, रबर, पेंसिल, कटर, Instrument Box, आदि (प्रति बालिका रू॰ 2000/– तक), समाचार पत्र (2), पुस्तकालय हेतु पाठ्यपुस्तक, प्रतियोगिता पुस्तक | कॉपी, कलम, रबर, पेंसिल, कटर, Instrument Box, आदि, (प्रति बालिका रू॰500/– तक), |
| वेतन (प्रति माह) :– | | | | | |
2. एक भारत श्रेष्ठ भारत की गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु भाषा संगम की सामग्री व बुकलेट Text from एवं Q.R Code , Audio and Video में दीक्षा पोर्टल पर उपलब्ध है। NCERT की वेबसाइट पर सभी राज्य की भाषा में वर्णमाला, गीत, कहावतें तथा 100 वाक्य उपलब्ध है। नोडल शिक्षक द्वारा इनके माध्यम से विद्यार्थियों को संबद्ध राज्य की भाषा से अवगत कराया जाएगा।
3. विभिन्न संचार माध्यमों, यथा – इंटरनेट का उपयोग कर मिजोरम/त्रिपुरा से संबंधित स्थानीय समाचारों, पत्रिकाओं, न्यूज चैनलों आदि का अवलोकन करने हेतु बच्चों को



Scanned with OKEN Scanner

Mayank Warwade, IAS
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद परिसर
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad campus.
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

प्रेरित किया जाए, ताकि वे वहाँ की ऐतिहासिक धरोहरों, पर्यटन स्थलों, त्योहारों, वेश–भूषा तथा कला एवं संस्कृति आदि से परिचित हो सकें।

4. एक भारत श्रेष्ठ भारत अन्तर्गत विद्यालयों में की जाने वाली गतिविधियों के लिए सुझावित कैलेन्डर पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। सभी विद्यालयों को कैलेन्डर उपलब्ध कराते हुए प्रत्येक माह विद्यालय स्तर पर गतिविधियों का संचालन कराया जाना सुनिश्चित किया जाय। विद्यालय स्तर पर भाषण, लेखन, क्विज, रंगोली, चित्रकला एवं संस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाए, जो मिजोरम/त्रिपुरा थीम पर आधारित होगा।

5. प्रखंड स्तर पर दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में भाषण, निबंध लेखन, रंगोली, क्विज, चित्रकला, संस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा, जिसमें जिले के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यार्थियों के प्रतिभागिता होगी। इस हेतु बैनर, प्रतिभागियों एवं मूल्यांकनकर्त्ताओं हेतु लंच, चाय आदि तथा सर्टिफिकेट, विजेताओं हेतु पुरस्कार एवं अन्यान्य मदों में अधिकतम ₹ 5000/– (पाँच हजार) मात्र राशि का व्यय नियमानुसार किया जा सकता है।

6. जिले के विद्यालयों में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' से संबंधित गतिविधियों के अच्छे अधिकतम 20 फोटो एवं वीडियो को संकलित कर प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में गतिविधियों का विवरण वीडियो/फोटोग्राफ को Google tracker पर अपलोड किया जाय।

अतएवः निदेश है कि उपरोक्त निर्देशों के अनुरूप 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' कार्यक्रम अन्तर्गत विद्यालयों एवं प्रखंड स्तरीय गतिविधियों का आयोजन कराना सुनिश्चित किया जाए।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन,
Warwade
(मयंक वरवड़े) 2/12/25
राज्य परियोजना निदेशक

Scanned with OKEN Scanner

Mayank Warwade, I.A.S
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना-800004

Bihar Education Project Council
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-800004

**एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए विद्यालय स्तर पर सुझावित गतिविधियों को कैलेन्डर**

| क्र0 | माह | गतिविधि का नाम |
|---|---|---|
| 1 | अक्टूबर, 2025 | विद्यार्थियों को युग्म राज्यों की सांस्कृतिक मैपिंग की जानकारी दी जाएगी जिसमें वेशभूषा, खान-पान, रीति-रिवाज, लोकगीत, लोकनृत्य, लोकवाद्य आदि की जानकारी साझा करना।<br>युग्म राज्य के ऐतिहासिक स्मारकों, वेशभूषा, पेटिंग, हस्तशिल्प व संस्कृति पर विद्यार्थियों से अपने विचार व्यक्त करने तथा उन विचारों को डिस्प्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करने के लिए प्रेरित करना।<br>30 अक्टूबर, 2025 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर 'सरदार वल्लभ भाई' के जीवन से जुड़ी बातों पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन करना। |
| 2 | नवम्बर, 2025 | चेतना सत्र के दौरान मिजोरम/त्रिपुरा के भौगोलिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, राजनैतिक स्थिति तथा खेल, पर्व-त्योहार, खान-पान, फसल एवं खेती आदि पर 3 से 5 मिनट का शिक्षकों की सहायता से बच्चों द्वारा प्रस्तुतिकरण का प्रदर्शन करना। |
| 3 | दिसम्बर, 2025 | बिहार, मिजोरम एवं त्रिपुरा की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक विरासत से संबंधित भाषण, निबंध लेखन, रंगोली, क्विज, चित्रकला, संस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करना।<br>वर्ग-कक्ष में पेंटिंग आदि का प्रदर्शन तथा प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त विजेताओं के नाम एवं फोटो का विद्यालय के सूचना पट्ट पर प्रदर्शन करना। |
| 4 | जनवरी, 2026 | "एक भारत श्रेष्ठ भारत" के अन्तर्गत विद्यालाय के सभी विद्यार्थियों के द्वारा EBSB पोर्टफोलियो बनायी जायेगी, जिसमें विद्यार्थी संबद्ध राज्यों के महत्वपूर्ण तथ्यों, परिचय, ऐतिहासिक स्थान, स्वदेशी खेल एवं राज्य के बारे में महत्वपूर्ण एवं रोचक जानकारी का नोटबुक में संधारित करेंगे।<br>छात्रों का मूल्यांकन उनके द्वारा तैयार नोटबुक के आधार पर किया जाये। श्रेष्ठ पोर्टफोलियों बनाने वाले तीन छात्रों को विद्यालय द्वारा सम्मानित किया जाये। |
| 5 | फरवरी, 2026 | बिहार, मिजोरम एवं त्रिपुरा की प्राकृतिक संपदाओं, यथा – नदियों, पहाड़ों एवं वर्षा विषय पर तथा खान-पान एवं कृषि विषय पर चेतना सत्र में बच्चों द्वारा प्रस्तुतिकरण का आयोजन करना।<br>बिहार, मिजोरम एवं त्रिपुरा से संबंधित फैशन ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन करना। |



Scanned with OKEN Scanner

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्र नगर, पटना-800004

Bihar Education Project Council,
Shiksha Bhawan, Rashtra Bhasha Parishad Campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna - 800 004

पत्रांक :- Acctts/201/2025-26/ 4520 दिनांक :22/09/2025

सेवा में,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
(प्रा०शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान),
बिहार शिक्षा परियोजना,
सभी जिले।

विषय :- **वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अंतर्गत विद्यालय शिक्षा समितियों को व्यय हेतु Drawing Limit निर्धारण करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक केन्द्र प्रायोजित योजनाओं हेतु राशि विमुक्ति (Release of Funds) एवं उसके व्यय के प्रक्रिया का पुनर्निधारण के तहत 38 जिलों के 72119 विद्यालय शिक्षा समिति को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्राथमिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के सामान्य मद् के Youth & Eco Club गतिविधियों में व्यय हेतु कुल रूपये 61,76,60,000/- (एकसठ करोड़ छिहत्तर लाख साठ हजार) मात्र (जिलावार विवरणी ***अनुलग्नक - I*** के रूप में संलग्न) का Drawing Limit for Child Agencies निर्धारित किया गया है। उक्त के आलोक में जिला कार्यालय द्वारा विद्यालय शिक्षा समितियों के लिए ***अनुलग्नक - II (Soft Copy)*** में अंकित राशि को व्यय करने हेतु PFMS के Web Portal पर Drawing Limit निर्धारित किया जाय एवं निम्नानुसार राशि व्यय करने का निर्देश दिया जाय :-

i. कार्यालय ज्ञापांक Acctts/272/2016-17/Part-III/6861 दिनांक 03.11.2021 के माध्यम से दिये गये आदेश का अनुपालन किया जाय।
ii. Vendor / Beneficiary को भुगतान PFMS के Web – Portal से निर्गत E-Payment Print Advice से किया जाय एवं किसी भी परिस्थिति में अन्य Banking Instrument से भुगतान नहीं किया जाय।
iii. आवंटित राशि का व्यय AWP&B 2025-26 में अनुमोदित बजट के विरूद्ध ही किया जाय।
iv. राज्य कार्यालय से विद्यालयों को निर्धारित Drawing की विवरणी को जाँच ली जाय, तत्पश्चात् विद्यालयों को Drawing Limit निर्धारित की जाय।
v. राशि का विचलन किसी अन्य गतिविधियों में नहीं किया जाय।
vi. राशि का व्यय राज्य कार्यालय द्वारा समय-समय पर दिए गए निदेशों/आदेशों के अनुसार किया जाय।
vii. जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रा० शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान) या उनके द्वारा नामित पदाधिकारी/कर्मी द्वारा व्यय का अनुश्रवण निरंतर करेंगे।

अतः उपरोक्त के आलोक में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन

**अनुलग्नक :- यथोक्त।**

20/9/25
(मयंक वरवड़े)
राज्य परियोजना निदेशक

**ज्ञापांक :- Acctts/201/2025-26/** 4520 **दिनांक :22/09/2025**

प्रतिलिपि :- **1.** जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिले को सूचनार्थ प्रेषित।
**2.** राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, गुणवत्ता शिक्षा, राज्य स्तरीय कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/9/25
राज्य परियोजना निदेशक

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha

☎:0612-2667164/2667168, Fax: 0612-2667190 RAJ-353/25
Email:ssabihar@gmail.com. Website www.bepcssa.in

# Bihar Education Project council Patna
## Drawing Limit - Youth & ECO Club 2025-26

| SL NO | Name of District | Count of Name of SMC/SMDC | Drawing limit Amount |
|---|---|---|---|
| 1 | ARARIA (1007) | 1956 | 15085000.00 |
| 2 | ARWAL (1038) | 580 | 5000000.00 |
| 3 | AURANGABAD (1034) | 2160 | 18270000.00 |
| 4 | BANKA (1023) | 2118 | 17055000.00 |
| 5 | BEGUSARAI (1020) | 1542 | 14210000.00 |
| 6 | BHAGALPUR (1022) | 1834 | 16410000.00 |
| 7 | BHOJPUR (1029) | 2052 | 17675000.00 |
| 8 | BUXAR (1030) | 1228 | 11415000.00 |
| 9 | DARBHANGA (1013) | 2335 | 19150000.00 |
| 10 | E. CHAMPARAN (1002) | 3535 | 32290000.00 |
| 11 | GAYA (1035) | 3136 | 26215000.00 |
| 12 | GOPALGANJ (1015) | 1849 | 16410000.00 |
| 13 | JAMUI (1037) | 1632 | 13225000.00 |
| 14 | JEHANABAD (1033) | 921 | 7435000.00 |
| 15 | KAIMUR (1031) | 1162 | 9505000.00 |
| 16 | KATIHAR (1010) | 1874 | 15630000.00 |
| 17 | KHAGARIA (1021) | 1101 | 9970000.00 |
| 18 | KISHANGANJ (1008) | 1370 | 10465000.00 |
| 19 | LAKHISARAI (1025) | 762 | 6225000.00 |
| 20 | MADHEPURA (1011) | 1626 | 14880000.00 |
| 21 | MADHUBANI (1005) | 3065 | 25805000.00 |
| 22 | MUNGER (1024) | 1044 | 9460000.00 |
| 23 | MUZAFFARPUR (1014) | 3061 | 26035000.00 |
| 24 | NALANDA (1027) | 2325 | 19835000.00 |
| 25 | NAWADA (1036) | 1700 | 14045000.00 |
| 26 | PATNA (1028) | 3425 | 29855000.00 |
| 27 | PURNIA (1009) | 2169 | 16775000.00 |
| 28 | ROHTAS (1032) | 2159 | 18265000.00 |
| 29 | SAHARSA (1012) | 1301 | 10885000.00 |
| 30 | SAMASTIPUR (1019) | 2685 | 23595000.00 |
| 31 | SARAN (1017) | 2676 | 24060000.00 |
| 32 | SHEIKHPURA (1026) | 489 | 4240000.00 |
| 33 | SHEOHAR (1003) | 413 | 3560000.00 |
| 34 | SITAMARHI (1004) | 2068 | 18300000.00 |
| 35 | SIWAN (1016) | 2237 | 20180000.00 |
| 36 | SUPAUL (1006) | 1643 | 12775000.00 |
| 37 | VAISHALI (1018) | 2179 | 19470000.00 |
| 38 | W. CHAMPARAN (1001) | 2707 | 24000000.00 |
| | **Grand Total** | **72119** | **617660000.00** |

16/09/2025

Manish Mayank
Chief Accounts Officer (I/C)
Bihar Education Pr...
Patna
Mob:- 854...

20/9/25
State Project Director
Bihar Education Project Council
PATNA

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्र नगर, पटना-800004

Bihar Education Project Council,
Shiksha Bhawan, Rashtra Bhasha Parishad Campus,
Saidpur, Rajendra Nagar, Patna - 800 004

पत्रांक :- Acctts/201/2025-26/ 2882 दिनांक :- 01 /07/2025

सेवा में,

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
(प्रा०शि० एवं सर्व शिक्षा अभियान),
बिहार शिक्षा परियोजना,
सभी जिले।

विषय :- वित्तीय वर्ष 2025-26 में समग्र शिक्षा अंतर्गत विद्यालय शिक्षा समिति को व्यय हेतु **Drawing Limit निर्धारण करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक केन्द्र प्रायोजित योजनाओं हेतु राशि विमुक्ति (Release of Funds) एवं उसके व्यय के प्रक्रिया का पुनर्निधारण के तहत 38 जिलों के 38 विद्यालय शिक्षा समितियों को वित्तीय वर्ष 2025-26 में IE संभाग अंतर्गत SPARSH गतिविधि में व्यय हेतु कुल रूपये **1,41,96,800/-** (एक करोड़ एकतालीस लाख छियान्वे हजार आठ सौ) मात्र का Drawing Limit for Child Agencies निर्धारित किया गया है।

उक्त के आलोक में जिला कार्यालय द्वारा विद्यालय शिक्षा समितियों के लिए ***अनुलग्नक – I*** में अंकित राशि को व्यय करने हेतु PFMS के Web Portal पर Drawing Limit निर्धारित किया जाय एवं निम्नानुसार राशि व्यय करने का निर्देश दिया जाय :-

i. कार्यालय ज्ञापांक Acctts/272/2016-17/Part-III/6861 दिनांक 03.11.2021 के माध्यम से दिये गये आदेश का अनुपालन किया जाय।
ii. Vendor / Beneficiary को भुगतान PFMS के Web – Portal से निर्गत E-Payment Print Advice से किया जाय एवं किसी भी परिस्थिति में अन्य Banking Instrument से भुगतान नहीं किया जाय।
iii. आवंटित राशि का व्यय AWP&B 2025-26 में अनुमोदित बजट के विरूद्ध ही किया जाय।
iv. विद्यालयों को Drawing Limit निर्धारण करने के पूर्व विवरणी में उपलब्ध करायी गयी सूचना की जाँच कर ली जाय, साथ ही इसका मिलान PFMS के Web-Portal से भी कर ली जाय। भिन्न होने की स्थिति में राज्य कार्यालय को सूचित करें।

अतः उपरोक्त के आलोक में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन
30/6/25
(मयंक वरवड़े)
राज्य परियोजना निदेशक

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

**ज्ञापांक :- Acctts/201/2025-26/ 2882** **दिनांक :- 01 /07/2025**

प्रतिलिपि :-

1. जिला शिक्षा पदाधिकारी, सभी जिले को सूचनार्थ प्रेषित।
2. राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (IE), राज्य स्तरीय कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

30/6/25
राज्य परियोजना निदेशक

# Bihar Education Project Council, Patna

## 1st List of Drawing Limit for SMC_SMDC (2025-26)(IE Training)

| Sl No. | Name of District | Name of Payee as in the Bank Account | UDISE Code | Unique Agency Code | Bank Account No. | IFS Code | Drawing Limit Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) | (G) | (H) |
| 1 | Araria | M.S Bhansiya | 10071411101 | BRAR00000523 | 40689431741 | SBIN0015805 | 283936.00 |
| 2 | Arwal | V.S.S M.S Manikpur | 10380704001 | BRAW00000179 | 40471471102 | SBIN0014319 | 283936.00 |
| 3 | Aurangabad | M.S Siris | 10341407201 | BRAU00002201 | 40472613400 | SBIN0012604 | 283936.00 |
| 4 | Banka | AMS Dhouni | 10230504503 | BRBA00001660 | 40684027005 | SBIN0006088 | 283936.00 |
| 5 | Begusarai | U.M.S Ashurari, Brauni | 10200804301 | BRBE00000540 | 40460871124 | SBIN0004520 | 283936.00 |
| 6 | Bhagalpur | Bhwani K.M.S Khanjarpur | 10220700701 | BRBG00001325 | 40675024662 | SBIN0001521 | 567872.00 |
| 7 | Bhojpur | Lakha interstate S.Barni | 10290900202 | BRBJ00005914 | 40471783745 | SBIN0011806 | 283936.00 |
| 8 | Buxar | B.N.H.S Brahampur | 10302001210 | BRBU00003156 | 40681556407 | SBIN0002923 | 283936.00 |
| 9 | Darbhanga | MS Paghari Samagra Shiksha | 10130507002 | BRDA00000781 | 40477735036 | SBIN0011829 | 454298.00 |
| 10 | E. Champaran | R.M.S Naya Bariyarpur | 10021605303 | BREC00003364 | 40470043018 | SBIN0018357 | 567872.00 |
| 11 | Gaya | M.S Dhandhopur | 10351700202 | BRGA00000567 | 40684069997 | SBIN0017426 | 567872.00 |
| 12 | Gopalganj | VSS UMS Manjha | 10151101101 | BRGO00000428 | 40680724893 | SBIN0011808 | 283936.00 |
| 13 | Jamui | ADARSH P.D.M.S.JAMUI | 10371006701 | BRJA00002100 | 40675225236 | SBIN0012538 | 283936.00 |
| 14 | Jehanabad | Kanya M.S Horilganj | 10331115001 | BRJE00000509 | 40667080638 | SBIN0061448 | 283936.00 |
| 15 | Kaimur | HIGH SCHOOL BHAGWANPUR | 10310200903 | BRKM00002315 | 40684150958 | SBIN0003348 | 283936.00 |
| 16 | Katihar | M.S Bastaul | 10101304101 | BRKT00002514 | 40501886273 | SBIN0002962 | 567872.00 |
| 17 | Khagaria | Adharsh.Sukhraj M.S Choutham | 10210402601 | BRKH00000259 | 40666850124 | SBIN0003212 | 283936.00 |
| 18 | Kishanganj | Utkr.U.M.S Dhanpura, Kochadham | 10082705601 | BRKI00002625 | 40692317921 | SBIN0006426 | 283936.00 |
| 19 | Lakhisarai | Utkr Madhamik.S Kajra | 10252507902 | BRLA00000699 | 40681700270 | SBIN0014314 | 283936.00 |
| 20 | Madhepura | M.S Ladma | 10110502301 | BRMP00000315 | 40472519009 | SBIN0003571 | 567872.00 |
| 21 | Madhubani | R.M.S Mokrampur | 10051800504 | BRMB00002993 | 40505247153 | SBIN0014305 | 567872.00 |
| 22 | Munger | VSS MADHYA VIDALAYA INDRUKH JAMALPUR | 10240202101 | BRMG00000829 | 40470547695 | SBIN0006610 | 283936.00 |
| 23 | Muzaffarpur | M.S Rohua, Musahri | 10140800501 | BRMZ00001977 | 40715451046 | SBIN0014283 | 454298.00 |
| 24 | Nalanda | UMS Hasanpur Harnaut | 10270803902 | BRNL00000517 | 40488205856 | SBIN0012594 | 454298.00 |
| 25 | Nawada | UMS Ambika Bigha | 10360904502 | BRNW00000907 | 40470217599 | SBIN0002362 | 567872.00 |
| 26 | Patna | M.S Ramjichak , Danapur | 10280808803 | BRPA00000245 | 40493436401 | SBIN0017466 | 567872.00 |
| 27 | Purnia | Upgraded H.S Dagarua | 10091400401 | BRPU00004384 | 40675231975 | SBIN0012638 | 454297.00 |
| 28 | Rohtas | Sahu Jain M.S Dalmiya Nagar Dihri | 10320121103 | BRRO00001626 | 40471480491 | SBIN0000060 | 283936.00 |
| 29 | Saharsa | M.s Lalpur Pirnagra banma Ithari | 10121000502 | BRSH00000441 | 40675350890 | SBIN0008156 | 283936.00 |
| 30 | Samastipur | R.M.S.Malinager | 10191910001 | BRSM00001774 | 40505406272 | SBIN0018040 | 283936.00 |
| 31 | Saran | Sri Ram Awtar High School Goraipur | 10170500202 | BRSR00007343 | 40692359177 | SBIN0010083 | 283936.00 |
| 32 | Sheikhpura | M.S Karande | 10261601001 | BRSP00000315 | 40489866225 | SBIN0003002 | 283936.00 |
| 33 | Sheohar | A.M.S Sheohar | 10030202101 | BRSO00000374 | 40505424123 | SBIN0004447 | 283936.00 |
| 34 | Sitamarhi | vss govt. basic school pakri | 10040607403 | BRST00001400 | 40505086613 | SBIN0000186 | 454297.00 |
| 35 | Siwan | Rajkiya M.S.Daraunda | 10160503001 | BRSW00000762 | 40483910227 | SBIN0004577 | 283936.00 |
| 36 | Supaul | Rajkiya Buniyad S. Basaha, Pipra | 10060601605 | BRSU00001728 | 41115152405 | SBIN0014335 | 283936.00 |
| 37 | Vaishali | NPS GURMISMA | 10181413401 | BRVA00000453 | 40671657191 | SBIN0014293 | 283936.00 |
| 38 | West Champaran | MS CHANPATIA BOYS, CHANPATIA | 10010301707 | BRWC00002831 | 40488033588 | SBIN0006385 | 567872.00 |
| | One Crore Forty one lakh Ninty Six Thousand Eight Hundred Only. | | | | | Total | 14196800.00 |

01/07/2025

**Naveen Kumar, I.A.S.**
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–04

**Bihar Education Project Council**
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad
Campus, Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-04

पत्रांक : Equity/2025-26/93/..5998 दिनांक : 30/12/2025

सेवा में,

<u>जिला शिक्षा पदाधिकारी</u>
<u>जिला कार्यक्रम पदाधिकारी</u> (EE&SSA)
सभी जिले।

विषय : **वित्तीय वर्ष 2025–2026 के लिए Equity संभाग के अन्तर्गत Adolescent Programme for Girls कार्यक्रम के संचालन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अंकित करना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में समग्र शिक्षा के Equity संभाग के अंतर्गत अनुमोदित बजट के आलोक में प्रत्येक जिले के माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में Adolescent Programme for Girls कार्यक्रम का संचालन करने हेतु निदेश है कि :–

- Equity कार्यक्रम हेतु राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मुख्य प्रशिक्षकों के माध्यम से जिला स्तर पर सभी माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के एक–एक शिक्षिका (महिला शिक्षिका के विद्यालय में पदस्थापित नही होने की स्थिति में हीं पुरूष शिक्षक) को Adolescent Programme for Girs कार्यक्रम के नोडल शिक्षक के रूप में नामित कर उनको जिला स्तर पर एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण वैसे प्रशिक्षण स्थल पर कराया जाए जहाँ स्मार्ट TV, ईंटरनेट इत्यादि की सुविधा उपलब्ध हो।
- जिले के प्रत्येक माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय में Adolescent Programme for Girls से संबंधित <u>**'सखी सहायता डेस्क**</u>' तैयार करवाया जाए जिसपर <u>**सखी सहायता डेस्क**</u> लिखा हुआ एक बैनर/फ्लैक्स उपलब्ध कराया जाए। जिला स्तर पर बैनर का प्रारूप तैयार करते हुये विद्यालय के नाम एवं प्रखंड की विवरणी के साथ प्रिंट करवाकर संबंधित विद्यालय को उपलब्ध करवाया जाए। सभी विद्यालयों को उपलब्ध कराये गये बैनर में एकरूपता का ध्यान रखा जाए।
- सभी माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों को किशोरी स्वास्थ्य से संबंधित 'प्राथमिक चिकित्सा किट' उपलब्ध कराया जाना है। इसके लिए नियमानुसार जिला स्तर पर किट हेतु आवश्यक सामग्री का चयन कर क्रय करते हुये संबंधित उक्त सभी विद्यालयों को उपलब्ध कराया जाए।
- विद्यालयों में कार्यक्रम के संचालन के उपरांत संबंधित विद्यालयों की बालिकाओं के बीच विषयानुरूप प्रतियोगिता (वाद–विवाद/चित्रांकन/निबंध/आशु–भाषण/भाषण) का आयोजन जिला स्तर पर कराया जाए।
- कार्यक्रम के प्रभावों/सक्सेस स्टोरी/बेस्ट प्रैक्टिस से संबंधित अभिलेखीकरण/दस्तावेजीकरण का कार्य जिला स्तर पर कराया जाए।
- **विद्यालय स्तर पर निम्नांकित गतिविधियों के संपादन हेतु निदेशित किया जाय–**
    - सभी संबंधित विद्यालयों में <u>**सखी सहायता डेस्क**</u> की स्थापना हेतु एक कक्ष/कक्ष का एक भाग चिन्हित कर आवश्यकतानुसार दीवारों की पुताई/दिवाल- लेखन/साज–सज्जा तथा टेबल–कुर्सी/अलमारी/एक छोटा फाइल कैबिनेट/बॉक्स इत्यादि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु स्वीकृत राशि विद्यालयों को निर्गत किया जाए एवं प्रधानाध्यापक को निदेशित किया जाय।
    - स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर विद्यालय स्तर पर किशोरियों में अनिमिया की जांच हेतु त्रैमासिक "T-3" (Test, Talk, Treatment) कैम्प का आयोजन करने हेतु सभी प्रधानाध्यापक को निदेशित किया जाय।
    - विद्यालय स्तर पर <u>**किशोरी स्वास्थ्य दिवस**</u> का आयोजन (हर माह की 8 तारीख को राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम) करवाया जाए, जिसमें अतिथि (जिला स्तरीय पदाधिकारी/प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी/जन प्रतिनिधि एवं अन्य) को आमंत्रित किया जा सकता है। आयोजन के दौरान विविध व्यवस्था (स्वागत, अल्पाहार, पुरस्कार, माइक इत्यादि) की जा सकती है।
    - प्रत्येक शनिवार को विद्यालय स्तर पर इस कार्यक्रम से संबंधित गतिविधियों का आयोजन अनिवार्य रूप से कराया जा सकता है। विद्यालय स्तर पर होने वाली गतिविधियों का अभिलेखीकरण (फोटो सहित विस्तृत

**Naveen Kumar, I.A.S.**
State Project Director

बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–04

**Bihar Education Project Council**
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad
Campus,Saidpur, Rajendra Nagar, Patna-04

रूप में) कर जिला स्तर पर समेकित किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक जिले से कम से कम पाँच विद्यालयों में संचालन संबंधी अभिलेखीकरण की प्रति राज्य कार्यालय को भी उपलब्ध करवाया जाए।

2. **कार्यक्रम अन्तर्गत रू0 10,000/– (दस हजार) प्रति विद्यालय की दर अनुमोदित बजट का व्यय निम्नानुसार कराया जा सकता है:–**

| प्रति विद्यालय व्यय होने वाली राशि का विवरण | | | |
|---|---|---|---|
| क्र० | गतिविधि का नाम | प्रति विद्यालय व्यय होने वाली राशि | व्यय का स्तर |
| 1. | Adolescent Life Skill Package हैंड बुक की प्रतियों (प्रति विद्यालय 2–2) एवं का मुद्रण (A4 Size, Text on 110 GSM, Cover on 220 GSM, Both side colour printing and binding) + Documentation at State Level | 850.00 | राज्य स्तर |
| | कुल | 850.00 | |
| 2. | जिला स्तर पर नोडल शिक्षकों का एक दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण | 300.00 | जिला स्तर |
| 3. | 'सखी सहायता डेस्क' या 'सुरक्षित स्थान' लिखा हुआ फ्लैक्स | 300.00 | जिला स्तर |
| 4. | किशोरी स्वास्थ्य से संबंधित 'प्राथमिक चिकित्सा किट' की उपलब्धता | 950.00 | जिला स्तर |
| 5. | बालिकाओं के बीच विषयानुरूप आयोजित होने वाली प्रतियोगिता पर व्यय (कार्यक्रम प्रारंभ होने के एक माह के उपरान्त) | 500.00 | जिला स्तर |
| 6. | कार्यक्रम के प्रभावों/सक्सेस स्टोरी का अभिलेखीकरण (विद्यालय स्तर पर रू० 150 एवं जिला स्तर पर रू० 50) | 100.00 | जिला स्तर |
| | कुल | 2150.00 | |
| 7. | विद्यालय स्तर पर सखी सहायता डेस्क' की स्थापना (चिन्हित कक्ष के दीवारों की पुताई, कक्ष का दिवाल–लेखन, साज–सज्जा, टेबल, कुर्सी, अलमारी, एक छोटा फाइल कैबिनेट/बॉक्स आवश्यकतानुसार) | 5000.00 | विद्यालय स्तर |
| 8. | विद्यालय स्तर पर 'किशोरी स्वास्थ्य दिवस' का आयोजन (अतिथियों–प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, जन–प्रतिनिधि, संबंधित विषय विशेषज्ञ आदि) के स्वागत, माईक इत्यादि की व्यवस्था। | 1000.00 | विद्यालय स्तर |
| 9. | स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर विद्यालय स्तर पर किशोरियों में अनिमिया की जांच हेतु "T-3" (Test, Talk, Treatment) कैम्प का आयोजन (स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों के द्वारा, कैम्प के दौरान अल्पाहार, पानी इत्यादि की व्यवस्था की जाय) | 1000.00 | विद्यालय स्तर |
| | कुल | 7000.00 | |
| | सकल राशि | 10,000.00 | |

उक्त के अलोक में निदेश है कि अपने जिले के माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों के एक–एक शिक्षक को Adolescent Programme for Girls के संचालन हेतु नोडल के रूप में प्रशिक्षित करते हुए कार्यक्रम का संचालन 15.01.2026 तक सुनिश्चित किया जाए तथा राशि व्यय के उपरांत व्यय प्रतिवेदन प्रबंध पोर्टल पर प्रविष्ट कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को सूचित किया जाय। कार्यक्रम के बेहतर संचालन एवं अभिलेखीकरण की जिम्मेवारी नोडल शिक्षक के साथ–साथ संबंधित विद्यालय के प्रधान, संबंधित जिले के संभाग प्रभारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (EE&SSA) की होगी।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।

विश्वासभाजन

(नवीन कुमार)
राज्य परियोजना निदेशक

**Naveen Kumar,** I.A.S.
State Project Director

**बिहार शिक्षा परियोजना परिषद्**
शिक्षा भवन, राष्ट्रभाषा परिषद् परिसर,
सैदपुर, राजेन्द्रनगर, पटना–800004

**Bihar Education Project Council**
Shiksha Bhawan, Rashtrabhasha Parishad
campus, Saidpur, Rajendra Nagar,
Patna-800004

पत्रांकः– MIS/SS/109/2025-26/ 104 दिनांक : 06/01/26

सेवा में,

**जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
सभी जिले, बिहार।

**विषय : समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 में स्वीकृत गतिविधियों के क्रियान्वयन एवं भौतिक वित्तीय प्रगति को प्रबंध पोर्टल पर प्रविष्टि कराने के संबंध में।**

प्रसंग : इस कार्यालय का पत्रांक–2720 दिनांक 20.06.2025, पत्रांक 3881 दिनांक 21.08.2025, पत्रांक 3883 दिनांक 21.08.2025, पत्रांक 4078 दिनांक 01.09.2025, पत्रांक 4375 दिनांक 12.09.2025, पत्रांक 4520 दिनांक 22.09.2025, पत्रांक 4555 दिनांक 22.09.2025 एवं पत्रांक 5043 दिनांक 04.12.2025, ।

महाशया / महाशय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 में स्वीकृत गतिविधियों के विद्यालय / प्रखंड / जिला स्तर पर क्रियान्वयन हेतु प्रसंगाधीन पत्रों (प्रति संलग्न) द्वारा विस्तृत निदेश दिए गए हैं। उक्त क्रम में जिलावार प्रबंध पोर्टल पर दिनांक 05.01.2026 तक भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की प्रविष्टि से संबंधित गतिविधिवार विवरण अनुलग्नक 01 के रूप में संलग्न है।

प्रबंध पोर्टल पर गतिविधियों के भौतिक एवं वित्तीय प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि अधिकांश जिलों में गतिविधियों के क्रियान्वयन की प्रगति काफी कम या शून्य है।

अतएव, निदेश दिया जाता है कि समग्र शिक्षा के वार्षिक कार्य योजना एवं बजट 2025–26 में स्वीकृत गतिविधियों यथा– Support to BRC/CRC, RAA, Twining of school, Youth Eco Club, Science Math Lab, EBSB, Pre-Primary Activity etc के क्रियान्वयन की समीक्षा कर सभी गतिविधियों का क्रियान्वयन विद्यालय / प्रखंड / जिला स्तर पर कराते हुए भौतिक एवं वित्तीय प्रगति को प्रबंध पोर्टल पर अपडेट कराने का कष्ट किया जाए।

विश्वासभाजन,

**अनुलग्नक : यथोक्त।**

(नवीन कुमार)
राज्य परियोजना निदेशक

**बिहार सरकार**

शिक्षा विभाग

## सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रभारी, प्रधानाध्यापकों के लिए वित्तीय खातों का रख–रखाव संबंधी आवश्यक दिशा–निर्देश (Guidelines)।

जब भी आप विद्यालय का प्रभार लें तो सबसे पहले आपका दायित्व यह होना चाहिए कि आप देख लें कि उक्त विद्यालय में कितने प्रकार के बैंक खाते खुले हुए हैं। इनमें कितनी राशि रखी हुई है और उस राशि से आप क्या काम कर सकते हैं।

1) यदि आप प्राथमिक/मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं तो सामान्यतः आपके बैंक में निम्न प्रकार के 03 खाते होंगेः–

(i) समग्र शिक्षा का बैंक खाता।

(ii) मध्याह्न भोजन योजना का बैंक खाता।

(iii) बिहार सरकार का बैंक खाता।

**नोटः–यदि उपरोक्त के अतिरिक्त भी कोई खाता खुला हुआ है तो उसकी सूचना BEO को दी जाय और दिशा निर्देश प्राप्त किया जाए।**

2) यदि आप माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक हैं तो आपके विद्यालय में निम्न प्रकार से 05 खाते हो सकते हैंः–

(i) समग्र शिक्षा का बैंक खाता।

(ii) मध्याह्न भोजन योजना का बैंक खाता।

(iii) बिहार सरकार का बैंक खाता।

(iv) विकास कोष हेतु बैंक खाता।

(v) छात्र कोष हेतु बैंक खाता।

**नोटः–यदि उपरोक्त के अतिरिक्त भी कोई खाता खुला हुआ है तो उसकी सूचना BEO को दी जाय और दिशा निर्देश प्राप्त किया जाए।**

3) किस खाते का संचालन किस प्रकार करना है और उस खाते की राशि से किस प्रकार का कार्य कराया जाना है, का विवरण इस तालिका में दिया हुआ है।

| क्र0 | **खाता का नाम** | **खाते में उपलब्ध राशि से क्या–क्या कार्य कराया जा सकता है।** | **खाते का संचालन किस प्रकार करना है।** |
|---|---|---|---|
| | **1** | **2** | **3** |
| 1 | **समग्र शिक्षा का बैंक खाता** | यह खाता दोनों ही प्रकार के विद्यालयों में यथाः–प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालय में होता है। इस खाते में 3 मुख्य मद होते हैंः–<br>**(क) समग्र विद्यालय अनुदान** :– इसे Composite | इस खाते को Single Nodal Account (समग्र शिक्षा) कहा जाता है |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | Grant के नाम से भी जाना जाता है। इस मद में अधिकतम राशि 10 हजार से लेकर 1 लाख रुपये की आती है। चूँकि राशि कम है, अतः इसे बहुत सावधानी से खर्च करना होता है। इस मद से आप कोई बडा निर्माण कार्य अथवा विद्यालय भवन की रंगाई–पुताई आदि नहीं करा पायेंगे। अतः सुझाव दिया जाता है कि इस मद से केवल आप स्कूल के पठन–पाठन की सामग्री यथा–चॉक, बल्व, पंखा, डस्टर इत्यादि का भुगतान करें। साथ ही, शौचालय की सफाई प्रतिदिन कराने हेतु स्वीपर का भुगतान भी इस राशि से किया जाए।<br>**(ख) इस खाते का दूसरा अंश निर्माण कार्य हैः**– इसमें आप भवन के निर्माण, भवन की मरम्मति, शौचालय निर्माण, शौचालय की मरम्मति, पेयजल, नल–जल की व्यवस्था अथवा नये चापाकल लगवाने अथवा इसके मरम्मति इत्यादि का काम करा सकते हैं।<br>**(ग) विविध कार्यः**– उपरोक्त दोनों गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य प्रकार की गतिविधियां विद्यालय में होती हैं, जिसमें खेल–कूद, वृक्षारोपण, विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताएँ एवं ऐसी रोचक गतिविधियाँ आप कर सकते हैं, जिससे छात्रों की रूचि तो बनी ही रहे, साथ ही उन्हें कुछ अच्छी बात सीखने को मिले। इन गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी आप प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी से प्राप्त कर सकते हैं। | [SNA-समग्र शिक्षा] इसके लिए कंप्यूटर की आवश्यकता होगी और जिस भी व्यक्ति को आपको भुगतान करना है, उसके लिए तय राशि का Print Payment Advice (PPA) आपको बनाना होगा। अतः स्वाभाविक है कि इसके लिए आपके विद्यालय में कंप्यूटर/प्रिंटर होना आवश्यक है। यदि आप इस वित्तीय प्रणाली को स्वयं नहीं चला सकते हैं तो आपको एक कंप्यूटर जानकार को भी रखना पड़ सकता है। विभाग प्रयास में है कि प्रत्येक विद्यालय के स्तर पर कंप्यूटर/प्रिंटर और कंप्यूटर ऑपरेटर प्रदान किया जाए। जब तक ये सुविधाएँ नहीं उपलब्ध होती हैं, तब तक आप नजदीक के इंटरनेट कैफे में जाकर PPA बनवा सकते हैं या Block Resource Center (BRC) में जाकर ये PPA |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | बनवा सकते हैं। प्राथमिक विद्यालय हेतु इंटरनेट कैफे में जाने पर इस पर होने वाले व्यय का भुगतान आप इसी खाते के Composite Grant अंश से कर सकते है। माध्यमिक विद्यालय इस खर्च का वहन विकास कोष से कर सकते हैं।<br>**<u>संयुक्त हस्ताक्षर प्रणाली</u>** प्राथमिक विद्यालय के मामले में PPA पर हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय शिक्षा समिति के सचिव करेंगे। माध्यमिक विद्यालय में PPA पर संयुक्त हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक एवं विद्यालय के कोई एक शिक्षक करेंगे। |
| 2 | **मध्याह्न भोजन योजना का बैंक खाता** | यह खाता कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के विद्यालय में ही होता है। इस खाता में उपलब्ध कराई गई राशि से विद्यालय में मध्याह्न भोजना की व्यवस्था की जानी है।<br>मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत आपको वर्ग 1 से 5 के लिए रुपये 5.45 (पाँच रुपये पैंतालीस पैसे), तथा वर्ग 6 से 8 के लिए 8.17 (आठ रुपय सतरह पैसे) प्रतिदिन प्रति छात्र की दर से भुगतान करना है।<br>उदाहरण स्वरूप यदि प्राथमिक विद्यालय में किसी तिथि को 67 छात्र उपस्थित हुए हैं तो उस तिथि को भोजन हेतु खर्च का इस प्रकार गणना करें:– | इस खाते का संचालन भी समग्र शिक्षा खाते के अनुसार ही होता है। इस खाते को Single Nodal Account (मध्याह्न भोजन योजना) कहा जाता है [SNA-मध्याह्न भोजन योजना]। इस खाते |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | छात्र की संख्या X प्रति बच्चा दर = व्यय होने वाली राशि<br>67 X रुपये 5.45 = रुपये 365.15<br><br>अर्थात, उस दिन मध्याह्न भोजन का कुल खर्च रु0 365. 15 हुआ। पूरे महीने की गणना इसी प्रकार करें और तद्नुसार vendor को भुगतान करें। | का संचालन हेतु आप Block Resource Center (BRC) में जायें या नजदीक के इंटरनेट कैफे से सम्पर्क करें। किसी भी हालत में मध्याह्न भोजन योजना के PPA पर हस्ताक्षर करने से पहले आप बाएं तरफ में दी हुई गणना क अनुसार देख लें कि जितने छात्रों ने खाना खाया हैं, PPA भी उतने ही छात्रों के लिए बनाया गया है ! यह खाता भी समग्र शिक्षा की भाँति संचालित होगा और PPA पर संयुक्त हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक एवं सचिव का होगा। |
| 3 | **बिहार सरकार का बैंक खाता** | यह खाता प्राथमिक विद्यालय तथा माध्यमिक विद्यालय, दोनों में होता है। इस खाते में कभी–कभी ही राशि भेजी जाती है। प्रायः यह खाता निष्क्रिय रहता है। किन्तु इसे बंद करना उचित नहीं होगा। इससे राशि खर्च करने हेतु विभाग से समय–समय पर दिशानिर्देश अलग से दिया जायेगा। | इस खाते का संचालन परामपरागत तरीके से किया जायेगा अथवा Bank Advice के माध्यम से किया जाता है। इसके संचालन में कंप्यूटर की आवश्यकता नहीं है। इसमें भी संयुक्त हस्ताक्षर होगा। प्राथमिक विद्यालय के मामले में संयुक्त हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक एवं |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | सचिव का होगा। माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक एवं किसी एक शिक्षक का होगा। |
| 4 | **विकास कोष का बैंक खाता** | विकास कोष माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों (कक्षा 9 से 12 तक) में होता है। इस खाते से आप निम्नलिखित कार्य कर सकते हैं:–<br>**(क) भवन का रख–रखाव इत्यादि।**<br>विद्यालय भवन का रख–रखाव, रंग–रोगन, शौचालय का निर्माण, शौचालय का मरम्मति, शौचालय का रख–रखाव, पेयजल की सुविधा, बागवानी इत्यादि पर आप ये राशि खर्च कर सकते हैं।<br>जब आप उपरोक्त संबंधी कोई काम करना चाहेंगे तो इसका estimate बनाना होगा ताकि ये पता चल सके कि उपरोक्त कार्य कराने के लिए कुल कितनी राशि लगेगी। आप estimate बनाने का काम BEP के कनीय अभियंता से करा सकते हैं। इस estimate का तकनीकी अनुमोदन BEP के सहायक अभियंता द्वारा दिया जायेगा। Estimate बनने के समय आप कनीय अभियंता को अनुरोध करें कि वे उतनी राशि का ही estimate बनायें जितनी राशि आपके विकास कोष (एवं छात्र कोष) में उपलब्ध है।<br>**Estimate बन जाने के बाद की प्रक्रिया:**–यदि estimate 5 लाख रुपये तक का है तो कार्य प्रारंभ करने की स्वीकृति आप स्वयं दे सकते हैं। यह कार्य किस एजेंसी से किया जाना है, वह भी आप, स्वयं तय कर सकते हैं। आप चाहें तो यह काम BEP के माध्यम से भी करा सकते हैं। BEP के सहायक अभियंता एजेंसी तय करने के लिए सक्षम होंगे।<br>यदि estimate 5 लाख रुपये से अधिक का है तो आपको इसका अनुमोदन विद्यालय प्रबंधन समिति से लेना होगा। इस हेतु आप पत्र द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित करने हेतु अध्यक्ष से अनुरोध करें। यदि 15 दिन में बैठक आयोजित होकर उक्त योजना का अनुमोदन नहीं मिलता है तो आप ऐसी स्थिति में इस योजना का अनुमोदन जिला शिक्षा पदाधिकारी से सीधे ले सकते हैं। जिला शिक्षा पदाधिकारी ही यह तय करेंगे कि वे किस एजेंसी अथवा BEP अथवा राज्य सरकार के किस विभाग अथवा निगम से इस योजना को करायेंगे। जिला शिक्षा | इस खाते का संचालन भी परम्परागत तरीके से चेक बुक अथवा Bank Advice से किया जायेगा।<br>चेक संयुक्त हस्ताक्षर से किया जा सकेगा। एक हस्ताक्षर प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक का होगा और दूसरा किसी भी अन्य शिक्षक का होगा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | पदाधिकारी जिलाधिकारी के आदेश से जिले में उपलब्ध किसी अन्य कार्य विभाग से भी यह काम करा सकते हैं।<br>**(ख)** विद्यालय के संचालन हेतु अन्य कार्यालय सामग्री, फर्नीचर, पंखा, बल्व, स्टेशनरी, अखबार, मैगजीन इत्यादि इस मद से क्रय की जा सकती है।<br>**(ग)** यदि आपके विद्यालय में विज्ञान, गणित, अंग्रेजी, कम्प्यूटर के शिक्षकों का अभाव है तो आप उन शिक्षकों को विभाग द्वारा तय मानदेय पर रखकर अध्यापन कार्य करा सकते हैं और उनका मानदेय का भुगतान इस कोष से किया जा सकता है।<br>(घ) स्वीपर, रात्रि प्रहरी, कम्प्यूटर ऑपरेटर, इंटरनेट कनेक्शन, कम्प्यूटर का किराया, आधार मशीन का किराया, VC equipment का किराया इत्यादि का भुगतान आप विभाग द्वारा तय दर पर कर सकते हैं।<br>**(ड़)** IT उपस्कर तथा आधार मशीन एवं विडियो कॉन्फ्रेंसिंग हेतु एक या दो कम्प्यूटर ऑपरेटर भी इस कोष से रख सकते हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर आप बेल्ट्रॉन के दर पर अथवा विभाग द्वारा तय दर (दोनों में से जो कम हो, रख सकते हैं)।<br>**(च)** इसके अतिरिक्त आप इस मद से अन्य किसी भी प्रकार का व्यय कर सकते हैं, जो स्कूल के संचालन में सहायता करे। जैसे, उपरोक्त सेवाओं के अतिरिक्त आप स्कूल में जेनरेटर की भी व्यवस्था कर सकते हैं। यदि विशेष आयोजन हो अथवा छात्रों की संख्या ज्यादा हो और कमरों की कमी हो तो आप टेंट, दरी, जेनरेटर आदि खरीद कर अथवा किराए पर यह व्यवस्था कर सकते हैं। | |
| **5** | **छात्र कोष का बैंक खाता** | आप इस कोष में वह सारे कार्य कर सकते हैं, जो विकास कोष से किया जा सकता है। आप किसी योजना की परिकल्पना विकास कोष एवं छात्र कोष में जमा राशि को मिलाकर भी कर सकते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि यदि विकास कोष में 3 लाख रुपये हैं और छात्र कोष मं 2 लाख रुपये हैं तो आप दोनों राशि को मिलाकर 5 लाख रुपये की कोई समेकित योजना अथवा मासिक भुगतान करने का काम कर सकते हैं। | –तथैव– |

**4)** उपरोक्त तालिका एवं दिशानिर्देश के पीछे उद्देश्य यह है कि आपके विद्यालय में जो भी राशि पड़ी है, उसका इस्तेमाल हो। विकास कोष/छात्र कोष में लाखों रुपये जमा है, किन्तु कक्षाओं में बिजली का बल्व तक नहीं है। अतः स्पष्टतः यह प्रधानाध्यापक के स्तर पर निर्णय नहीं लेने की प्रवृत्ति का द्योतक है। आप प्रधानाध्यापकों से आशा की जाती है कि उक्त राशि

का व्यय स्कूल के सफल संचालन में करेंगे। ऐसी स्थिति में आप पूछ सकते हैं कि उपरोक्त तालिका में यह तो अंकित कर दिया गया है कि किस खाते की राशि से क्या काम करना है, किन्तु उसकी प्रक्रिया नहीं दी गयी है, तो इस आशंका का समाधान भी इस प्रकार किया जाता है।

**5) <u>सामग्री क्रय करना अथवा सिविल वर्क हेतु प्रक्रियाः–</u>**

**(क)** यदि आप कोई सामग्री यथा–स्टेशनरी, कंप्यूटर, जेनरेटर या कोई भी कार्यालय उपस्कर खरीदना चाहते हैं तो रु0 50 हजार तक की सामग्री आप तुरंत "off the shelf" तरीके से कर सकते हैं। यानी कि आप किसी भी दुकान में जाएं और रु0 50 हजार तक के सामान का क्रय कर लें। किन्तु इसकी Invoice/रसीद जरूर ले लें।

**(ख)** रु0 50 हजार से लेकर रु0 5 लाख तक की सामग्री/व्यय आप 3 कोटेशन प्राप्त करके कर सकते हैं। यानी कि यदि आपको कोई बड़ा सामान खरीदना है तो आप बाजार में सवेक्षण कर 3 कोटेशन प्राप्त करें एवं जिसका सबसे कम दर है, उस दर पर उक्त सामान को खरीद सकते हैं। इस क्रय की भी Invoice/रसीद अवश्य रखें।

**(ग)** आप विद्यालय में छोटे–मोटे Civil कार्यों के लिए भी यह प्रक्रिया अपना सकते हैं। यानी कि आपके विद्यालय में कोई Civil कार्य (निर्माण कार्य) या पोचारा कराना है या किसी कमरे/शौचालय का काम कराना चाहते हैं और यदि वह खर्च रु0 5 लाख से कम का ह तो आप कम–से–कम किन्हीं 3 संवेदकों से कोटेशन लेकर कम दर अंकित करने वाले संवेदक से कार्य करा सकते हैं। इसके लिए आपको विद्यालय प्रबंध समिति के अनुमति की आवश्यकता नहीं है। आप स्वयं सक्षम हैं।

रुपये 5 लाख से अधिक का यदि कोई कार्य है तो उसे आप विद्यालय प्रबंध समिति के समक्ष रखेंगे। यदि 15 दिनों के भीतर आपको अनुमति नहीं मिलती है तो आप सीधे जिला शिक्षा पदाधिकारी से इसका प्रशासनिक अनुमोदन प्राप्त कर सकते हैं। रु0 5 लाख से अधिक काम कराने के लिए आपको सलाह दी जाती है कि आप जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी से सम्पर्क करें और वही आपको बताएंगे कि काम किस एजेंसी से करायेंगे।

**6)** यह भी देखा गया है कि माध्यमिक विद्यालयों में तो विकास कोष/छात्र कोष में पर्याप्त राशि रहती है, किन्तु प्राथमिक विद्यालयों में इस तरह की न तो कोई राशि होती है न ही इस तरह की कोई व्यवस्था। अतः उपरोक्त काम यदि प्राथमिक विद्यालय में कराना पड़ जाए तो इसमें यह समस्या आती है कि इसके लिए राशि कहां से आयेगी। इस संबंध में आपको भारत सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का संदर्भ करते हुए यह सुझाव दिया जाता है कि माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक की हैसियत से आप अन्य प्राथमिक/मध्य विद्यालयों में भी छात्र कोष एवं विकास कोष की राशि खर्च कर सकते हैं, जो प्राथमिक/मध्य विद्यालय आपके पोषक क्षेत्र (Feeder Area) में पड़ता है। Feeder Area, वह प्राथमिक/मध्य विद्यालय हाता है, जहां के बच्चे कक्षा 8वीं उत्तीर्ण करने के बाद आपके विद्यालय में 9वीं कक्षा मे दाखिला लेते हैं। आपको यदि छात्र कोष/विद्यालय कोष से प्राथमिक/मध्य विद्यालय का काम लेना है, तो इस कार्य का अनुमोदन आप विद्यालय प्रबंध समिति से ले लें।

**7)** उपरोक्त का अध्ययन करने के बाद आपको यह भी स्पष्ट हो गया होगा कि केवल 2 खाते ही ऐसे हैं यथाः–समग शिक्षा का बैंक खाता एवं मध्याह्न भोजन योजना का बैंक खाता, जिनके संचालन के लिए कम्प्यूटर की आवश्यकता होती है क्योंकि ये पूरी प्रक्रिया भारत सरकार द्वारा लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के तहत बनाया गया है। अतः आपको इसे समझना होगा और स्वयं चलाने की ट्रेनिंग लेनी होगी। यदि आप स्वयं नहीं चला सकते हैं तो स्वयं तथा किसी शिक्षक को इंटरनेट कैफे भेजकर इसका संचालन करें। फिर भी बेहतर होगा कि आप SNA खाता स्वयं चलाना सीख लें। किसी भी हालत में इन खातों का संचालन निजी व्यक्ति/वेंडर द्वारा नहीं किया जाना चाहिए। इन खातों के संचालन हेतु प्रक्रिया **अनुलग्नक–1** में दी गई है।

**8)** इस दिशा निर्देश के निर्गत होने के पश्चात् इससे संबंधित पूर्व में निर्गत सभी आदेश/निदेश/पत्र निरस्त समझे जायेंगे।

**(के0के0 पाठक),**
**अपर मुख्य सचिव**

**ज्ञापांक——————/** **पटना, दिनांक——————**

**प्रतिलिपिः**–सचिव, शिक्षा विभाग/राज्य परियोजना निदेशक, BEPC/निदेशक, माध्यमिक शिक्षा/निदेशक, प्राथमिक शिक्षा/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पाठ्य पुस्तक प्रकाशन निगम लि0/निदेशक, मध्याह्न भोजन योजना/निदेशक, प्रशासन/निदेशक, उच्च शिक्षा/निदेशक, जन शिक्षा/निदेशक, शोध एवं प्रशिक्षण/निदेशक, SCERT/विशेष निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अपर मुख्य सचिव,**
**शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।**

**ज्ञापांक——————/** **पटना, दिनांक——————**

**प्रतिलिपिः**–सभी जिला पदाधिकारी/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/सभी कार्यक्रम पदाधिकारी/सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी/सभी प्रधानाध्यापक/प्रभारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षा विभाग बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**अपर मुख्य सचिव**
**शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।**

## अनुलग्नक–1

## लोक वित्तीय प्रबंधक प्रणाली (PFMS) के तहत समग्र शिक्षा एवं मध्याह्न भोजना योजना के लिए व्यय की प्रक्रिया

### 1. नया भेन्डर/आपूर्तिकर्त्ता/सेवादाता का पंजीकरण करने की विधिः–

Step 1:- कम्प्यूटर/लैपटॉप/मोबाईल को खोलकर इंटरनेट से जोड़ना है।

Step 2:- लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के Portal https://pfms.nic.in को खोलना होगा।

Step 3:- सर्वप्रथम विद्यालय के Maker के द्वारा अपने User ID एवं Password से Login किया जायेगा।

Step 4:- PFMS के Home Page पर Master Section को Click किया जायेगा।

Step 5:- Vendor Tab के अंतर्गत Add New को Click किया जायेगा।

Step 6:- Vendor का नाम, पता, Mobile., Bank Details भरा जायेगा, तत्पश्चात् Vendor Details को Save किया जायेगा। Save करने के पश्चात् Vendor का Creation सफलतापूर्वक पूर्ण हो जायेगा।

### 2. भुगतान आदेश तैयार करने की प्रक्रियाः–

क्रय किये जाने वाले सामग्री से संबंधित क्रयादेश तैयार किया जायेगा, जिसमें आपूत्तिकर्त्ता का नाम, बैंक खाता संख्या, IFS Code एवं राशि का उल्लेख एवं आदेश देने वाले पदाधिकारी का हस्ताक्षर एवं आदेश संख्या तथा तिथि अंकित किया जायेगा।

### 3. बैंक एडभाईस तैयार करने की विधिः–

#### मेकर के द्वारा किये जाने वाला कार्यः–

Step 1:- कम्प्यूटर/लैपटॉप/मोबाईल को खोलकर इंटरनेट से जोड़ना है।

Step 2:- लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (PFMS) के Portal https://pfms.nic.in को खोलना होगा।

Step 3:- विद्यालय के Maker के द्वारा अपने User ID एवं Password से PFMS के Portal https://pfms.nic.in पर जाकर Login किया जायेगा।

Step 4:- Expenditure Section में जाकर Add New को Click किया जायेगा।

Step 5:- Scheme के कॉलम में **समग्र शिक्षा** के व्यय के लिए BR137 Samagra Shiksha 3667 एवं **मध्याह्न भोजन योजना** के लिए BR6-BR PRADHAN MANTRI POSHAN SHAKTI NIRMAN का चयन किया जायेगा।

Step 6:- तत्पश्चात् Vendor का Select करने के उपरान्त भुगतान से संबंधित आदेश एवं राशि को संगत (संबंधित) कॉलम में क्रयादेश संख्या एवं तिथि भरा जायेगा।

Step 7 :- इसके उपरांत PFMS Portal से उस बजट योजना के तहत् यथा **समग्र शिक्षा** एवं **मध्याह्न भोजन योजना** के बजटीय शीर्ष/गतिविधि/मद् का चयन करेंगे, उदाहरण के लिए समग्र शिक्षा हेतु बजटीय शीर्ष/गतिविधि/मद् में राशि व्यय

किया जाना है, तो School Grant, असैनिक कार्य से संबंधित मद् (Toilet, Drinking water, Electrician, ACR, Ramp, Major Repair) इत्यादि। इसी प्रकार **मध्याह्न भोजन योजना** हेतु बजटीय शीर्ष -Cooking Cost/Egg/Seasonal Fruits का चयन किया जायेगा।

Step 8 :- पोर्टल के स्क्रीन पर अंकित Instrument Type में "E-Payment Using Print Advice" Select कर Add बटन को Click किया जायेगा।

Step 9 :- Narration for Passbook अंकित किया जायेगा।

Step 10 :- यदि भुगतान की जाने वाली राशि में से कोई कटौती किया जाना है, तो Deduction कॉलम में दिये गये विकल्पमें "Yes" का चयन किया जायेगा अन्यथा "No" का चयन किया जायेगा।

Step 11 :- उपर्युक्त प्रक्रियाओं के पश्चात् Send for Approval बटन को Click कर भुगतान हेतु Approver (Checker) को अग्रसारित किया जायेगा।

**4. चेकर के द्वारा किये जाने वाला कार्य :–**

Step 1 :- विद्यालय के Checker के द्वारा अपने User ID से PFMS के Portal http://pfms.nic.in पर Login किया जायेगा।

Step 2 :- Login के पश्चात् Checker के द्वारा Expenditure Section में जाकर Send For Approval के लिए भेजे गए Data को खोलकर भुगतान की जाने वाली राशि, बैंक खाता संख्या, बजट मद एवं राशि की उपलब्धता इत्यादि का मिलान करने के पश्चात् सही पाये जाने पर ही Data को Approve किया जायेगा। Data सही नहीं पाये जाने पर Reject बटन को Click किया जायेगा।

Step 3 :- Data Approve करने के पश्चात् Print Payment Advice (PPA) Generate हो जायेगा। तत्पश्चात् Advice को Print किया जायेगा।

Step 4 :- Print किये गए Print Payment Advice (PPA) परविद्यालय शिक्षा समिति/विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अधिकृत हस्ताक्षरित के द्वारा मोहर के साथ हस्ताक्षर किया जायेगा, तत्पश्चात् हस्ताक्षरित बैंक एडभाईस को संबंधित बैंक शाखा को निर्धारित समय–सीमा यथा–10 दिनों के अंदर हस्तगत कराया जायेगा। इसके पश्चात् बैंक के द्वारा राशि संबंधित भेन्डर को भुगतान किया जायेगा।

**महत्वपूर्ण सूचना/निदेशः–प्रधानाध्यापक/सचिव के द्वारा हर हाल में PFMS Portal के Password की गोपनीयता बरकरार रखी जायेगी एवं किसी भी परिस्थिति में Password को किसी के साथ साझा नहीं किया जायेगा। साथ ही इसके दुरूपयोग होने पर जवाबदेही तय कर आवश्यक प्रशासनिक/कानूनी कार्रवाई की जायेगी।**